

RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र

# अमिट रेखा

वर्ष 05 | अंक 258 | कुशीनगर | सोमवार 19 जुलाई, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये



# देश में भारी बारिश का अलर्ट

## यूपी, राजस्थान समेत 8 राज्यों में 2-3 दिन जमकर बरसेंगे बादल

नई दिल्ली,एजेन्सी। देश में मानसून रुक-रुक कर एक्टिव हो रहा है। इसने कई जगहों पर तबाही मचा रखी है, कई जगह लोग अब भी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। मुंबई में भारी बारिश के बाद चेंबूर और विक्रोली में लैंडस्लाइड में 22 लोगों की मौत हो गई। यहां 5 मकान भी ढह गए। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मौसम विभाग की मानें, तो रविवार और सोमवार को देश के कई राज्यों में जबरदस्त बारिश होने के आसार हैं। आज उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, बिहार और राजस्थान के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, कल यानी सोमवार को जम्मू-कश्मीर, लदाख और पंजाब के लिए यलो अलर्ट है। आइए जानतें हैं प्रमुख राज्यों में कैसा रहेगा मौसम.. हिमाचल प्रदेश में लैंडस्लाइड की आशंका शिमला के मौसम विभाग ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगले तीन-चार दिन में राज्य में भारी बारिश के चलते जमीन धंसने की आशंका है। विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि लैंडस्लाइड के चलते कई स्टेट और नेशनल हाईवे जाम होने, नदी-नालों में उफान आ सकता है। जम्मू-कश्मीर में बाढ़ की चेतावनी यहां मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में भारी बारिश के चलते जमीन खिसकने, बाढ़ और निचले क्षेत्रों में पानी जमा होने की चेतावनी दी है। जम्मू-श्रीनगर, श्रीनगर-लेह, डोडा-किश्तावर और मुगल रोड पर ट्रैफिक पर भी असर पड़ सकता है। कृषि और बागवानी भी प्रभावित होगी। महाराष्ट्र में बाढ़ जैसे हालात मुंबई में गुरुवार रात से ही रुक-रुककर बारिश हो रही है। चेंबूर, कांदिवली और बोरिवली पूर्व में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रविवार को सुबह से ही कई इलाकों में बारिश हो रही है। आज दिन भर यहां मध्यम से लेकर भारी बारिश हो सकती है। बिहार में यलो अलर्ट राज्य के कई क्षेत्रों में शनिवार को अच्छी बारिश हुई, जिसके अगले कुछ दिन तक होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार और सोमवार को तेज बारिश होगी। रविवार को आंधी-तूफान और बिजली गिरने की आंशका को देखते हुए ऑरिंज अलर्ट जारी किया गया है, सोमवार के लिए यहां यलो अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश के 9 जिलों में ऑरेंज अलर्ट राज्य के 32 जिलों में पिछले 24 घंटे से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने यहां के 9 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनमें लखीमपुर खीरी, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, वाराणसी, संत रविदास नगर, मिर्जापुर और प्रयागराज शामिल हैं। यहां 87 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ बिजली गिर सकती है। उत्तराखंड के 17 जिलों में अलर्ट जारी राज्य के 17 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट दिया गया। इसमें उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, देहरादून, पौड़ी, बागेश्वर, नैनीताल और पिथौरागढ़ शामिल हैं। आगे आने वाले दो-तीन दिन में बाढ़ और लैंडस्लाइड की चेतावनी दी गई है। छत्तीसगढ़ के 8 जिलों में बिजली गिरने की आशंका राज्य के 8 जिलों में अगले 4-5 घंटों में आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। मौसम विभाग ने इसको लेकर अलर्ट जारी किया है। इसके मुताबिक, उत्तरी छत्तीसगढ़ के के सूरजपुर, सरगुजा, कोरिया, कोरबा, जशपुर और दक्षिण क्षेत्र के बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के लोगों को सावधान रहने को कहा है। इसके अलावा बस्तर संभाग के कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है।

### पहले इंतजार, फिर हाहाकार




राज्य के 32 जिलों में पिछले 24 घंटे से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने यहां के 9 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनमें लखीमपुर खीरी, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, वाराणसी, संत रविदास नगर, मिर्जापुर और प्रयागराज शामिल हैं। यहां 87 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ बिजली गिर सकती है।



**प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर आधारपुर गांव के सामने तेज रफ्तार कार खड़े कंटेनर से टकरा गई। हादसे में कार सवार रेलवे कर्मी, उनके पिता और दो बेटियों की मौत हो गई, जबकि कार चला रही रेलवेकर्मी की पत्नी शिक्षिका व बेटा घायल हो गए हैं। फतेहपुर में हुए दर्दनाक सड़क हादसे के शिकार अमर सिंह व उनका परिवार अपना नया संसार बसाने निकले थे।**

## राष्ट्रपति का जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दौरा



जम्मू,(एजेंसी)। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद 25-27 जुलाई तक तीन दिनों के लिए जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का दौरा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति 26 जुलाई को द्रास युद्ध स्मारक कारगिल में होने वाले कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। साल 2019 में राष्ट्रपति को युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण करना था। राष्ट्रपति के घाटी में कुछ समारोहों को भी संबोधित करने की संभावना है, जिसमें एक शैक्षणिक संस्थान का दीक्षांत समारोह भी शामिल है। राष्ट्रपति के दौरे का विस्तृत कार्यक्रम अभी घोषित नहीं किया गया है, लेकिन दौरे को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के जम्मू-कश्मीर दौरे के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सुरक्षा विंग एसडी सिंह जामवाल ने एक आदेश जारी किया है। सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को छुट्टी लेने से रोक दिया है।

## 22 को संसद कूच करेंगे किसान

गाजियाबाद,एजेन्सी। राकेश टिकैत ने कहा कि इस बार हम ट्रैक्टरों से संसद भवन तक नहीं जाएंगे। हम चाहते हैं कि सरकार हमें बसें मुहैया कराए, जिसमें 200 किसान बैठकर वहां जा सकें। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली के बॉर्डरों पर पिछले साढ़े सात महीने से धरने पर बैठे किसान 22 जुलाई से संसद का घेराव करेंगे। इसे लेकर दिल्ली और यूपी पुलिस अलर्ट है। दिल्ली पुलिस के आला अधिकारी संसद घेराव के मद्देनजर आज प्रमुख किसान नेताओं से बातचीत करेंगे। 22 जुलाई के कार्यक्रम की होगी चर्चा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने रविवार सुबह गाजीपुर बॉर्डर स्थित धरना स्थल पर यह जानकारी दी। टिकैत ने बताया कि आज दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक है। इसमें 22 जुलाई के कार्यक्रम की विस्तृत रूप से चर्चा होगी। संसद भवन तक पहुंचने का हमारा रूट प्लान क्या होगा, यह दिल्ली पुलिस अधिकारियों के साथ शेयर किया जाएगा। टिकैत बोले- संसद जाने को सरकार हमें बस दे राकेश टिकैत ने कहा कि इस बार हम ट्रैक्टरों से संसद भवन तक नहीं जाएंगे। हम चाहते हैं कि सरकार हमें बसें मुहैया कराए, जिसमें 200 किसान बैठकर वहां जा सकें। इससे किसान रास्ते में नहीं रुकेंगे और पुलिस भी उन पर नजर रख सकेगी। 19 जुलाई से संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो रही है जो 13 अगस्त को समाप्त होगा।



## गठबंधन पर प्रियंका गांधी ने खोले पत्ते, बोलीं- परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लेंगे



लखनऊ,(एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यूपी चुनाव के लिए गठबंधन करने को लेकर कहा कि हम ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे कि हमारे संगठन को नुकसान पहुंचे। हम परिस्थितियों को देखते हुए निर्णय लेंगे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में आगामी चुनाव के लिए गठबंधन करने पर कहा कि हमारा मकसद भाजपा को हराना है इसके लिए हम परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि हम ओपेन माइंडेड हैं पर हमें गठबंधन से नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हम ऐसा कुछ भी नहीं करेंगे जिससे हमारे संगठन और पार्टी हित को चोट पहुंचे। हम आगे की परिस्थितियों के हिसाब से अपनी रणनीति तय करेंगे। इसके पहले शनिवार को उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वो बिना रुके और बिना डरे चुनाव तक 24 घंटे काम करें। तभी विधानसभा चुनाव में सही नतीजे मिलेंगे। उन्होंने पिछले डेढ़ साल की पार्टी की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि हमने न्याय पंचायत स्तर तक संगठन पहुंचाया है। इस पर हर कांग्रेसी को गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में कांग्रेस से बड़ी संख्या में लोग जुड़े हैं। संगठन मजबूत हुआ है। जो संगठन हमने बनाया है, उसकी भाग्यरेखा आपके हाथों में है। अगर एकजुट होकर जी-जान से अगले सात महीने हमने काम किया तो विधानसभा चुनाव में अच्छे नतीजे मिलेंगे। 2019 के बाद जहां भी संघर्ष हुए या आम जन परेशानी में पड़े, कांग्रेस कार्यकर्ता सबसे पहले पीड़ितों के पक्ष में खड़ा हुआ। कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कोरोना में जरूरतमंदों तक सबसे पहले व सबसे ज्यादा मदद पहुंचाई। न हो पुराने कांग्रेसियों की उपेक्षा प्रियंका ने आह्वान किया कि पार्टी कार्यकर्ता जनता के मुद्दों, संघर्ष व भावनाओं से जुड़ें। नए लोगों को संगठन से जोड़ें, पर पुराने और वरिष्ठ लोगों को साथ लेकर चलें, तभी संगठन मजबूत होगा।

## कोविड नियमों का पालन करते हुए ईद-उल-अज़हा की नमाज़ अदा करें मुसलमानः जमीयत

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने शनिवार को समुदाय के लोगों से आग्रह किया कि वेस्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी कोविड-संबंधी नियमों का पालन करते हुए 21 जुलाई को मस्जिदों या घरों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करें। जमीयत प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि खुतबा (धर्मोपदेश) और नमाज के बाद जल्द कुर्बानी देना बेहतर है और कचरे का निपटारा इस तरह किया जाए कि इससे दुर्गंध न आए। उन्होंने एक बयान में कहा कि कोरोना वायरस अभी खत्म नहीं हुआ है और महामारी की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए, मुसलमानों को स्वास्थ्य मंत्रालय के सभी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए मस्जिदों में या घर परईद-उल-अजहा की नमाज अदा करनी चाहिए। उन्होंने मुसलमानों को कानून द्वारा निषिद्ध किसी भी जानवर की कुर्बानी करने को लेकर भी आगाह किया। कुर्बानी का त्योहार कही जाने वाली ईद उल-अजहा बुधवार को मनाई जाएगी।



## ब्राह्मण बीजेपी को कभी वोट नहीं देंगे: मायावती




लखनऊ,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी (ठैच) ने बड़ा दांव खेला है। एक बार फिर से बसपा सुप्रीमो मायावती ने दलित-ब्राह्मण कार्ड चल दिया है। मायावती ने रविवार को इसका ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि 23 जुलाई से प्रदेश के 18 मंडलों में ठैच की तरफ से ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसका आगाज अयोध्या से होगा। ठैच के महासचिव सतीश चंद्र मिश्र को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। 1. विपक्ष के लिए क्या बोलीं ? बसपा सुप्रीमो ने कहा, जनता, देश और प्रदेश के बहुत से मुद्दों पर केंद्र सरकार की जवाहदेही चाहती है।

## सोनिया का गढ़ खत्म करना चाहती है भाजपा




रायबरेली,(एजेंसी)। राहुल गांधी के गढ़ अमेठी के बाद अब भाजपा सोनिया के रायबरेली को अपने कब्जे में करना चाहती है। इसीलिए सांसद सोनिया गांधी को जिला विकास एवं समन्वय अनुश्रवण समिति (दिशा) के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। अब इसकी जिम्मेदारी अमेठी सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को दे दी गई है। वहीं, सोनिया गांधी को कमिटी का को-चेयरपर्सन बनाया गया है। समिति के अध्यक्ष पद से हटाने का कारण बताया गया कि वह पिछले 38 महीनों से मीटिंग में शामिल नहीं हुई हैं। बड़ा सवाल यह है कि आखिर यह जिम्मेदारी स्मृति ईरानी को ही क्यों दी गई है। इन 5 उदाहरणों से समझिए कैसे ढह रहा है सोनिया का किला दिनेश प्रताप सिंह 2019 आम चुनाव से ऐन पहले गांधी परिवार के करीबी और कांग्रेस एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह ने बीजेपी ज्वाइन कर ली थी। उन्होंने सोनिया के खिलाफ चुनाव लड़ा था। हार मिली थी। राकेश सिंह राकेश सिंह दिनेश के भाई हैं। हरचंदपुर से कांग्रेस के विधायक हैं जरूर, पर बीजेपी से नजदीकियां किसी से छुपी नहीं हैं। अदिति सिंह रायबरेली सदर से कांग्रेस विधायक अदिति सिंह भी बगावत पर उतारू हैं। समय-समय पर यह बीजेपी का साथ देती आई हैं। पार्टी की ओर से इन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी हो चुका है। हालांकि, अदिति अभी भी कांग्रेस में बनी हुई है। जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव अभी हाल ही में हुए जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में भी रायबरेली में कांग्रेस को भाजपा ने पटखनी दी थी। यह तब हुआ जब भाजपा के जिला पंचायत सदस्यों की संख्या दहाई भी नहीं पहुंच पाई थी।

हिन्दी दैनिक

अमित रेखा

2

कुशीनगर रविवार, 19 जुलाई 2021

## थानाध्यक्ष जटहां बाजार के द्वारा रखा गया पीस कमेटी की बैठक

अमित रेखा – राज बरनवाल

जटहा – कुशीनगर। जनपद कुशीनगर के थाना जटहां बाजार थानाप्रभारी नन्दा प्रसाद के अध्यक्षता में थाना परिसर जटहां बाजार में आयोजित की गई पीस कमेटी की बैठक में



मुस्लिम धर्म गुरुओं के अलावा हिंदू धर्म से जुड़े हुए लोगों को विशेष दिशा निर्देश देते हुए थाना प्रभारी नन्दा प्रसाद ने कहा कि, सभी लोग अपने अपने घरों मे ही नमाज अदा करें। कोरोना महामारी को देखते हुए अभी कोई दिशा निर्देश नहीं आया है। अतः आप लोग अपने अपने घरों में सरकार व प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए बकरीद की नमाज अदा करें, एवं कुर्बानी करते हुए विशेष ध्यान रखें। उसके अवशेष कहीं दिखाई ना दे। कपड़ा डालकर ही कुर्बानी करें। थाना प्रभारी नन्दा प्रसाद ने कावड़ यात्रा के संबंध में आए हुए ग्राम प्रधानों एवं हिंदू धर्म गुरुओं से अपील की है कि, सरकार द्वारा अभी तक कोई दिशा निर्देश नही आया है आप लोग द्वरा कावड़ यात्रा नही निकाली जाएगी साथ ही व्यपारी बंन्धुओ से वार्ता कर कहा गया की सटर की ताला सही से लगाए

इस मौके पर थाना प्रभारी ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, कोविड–19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए ही कावड़ यात्रा निकालें। इस मौके पर हाशीम अंसारी भुटटू भाई आजम प्रधान मुस्ताक सिद्दीकी श्रीकांत जायसवाल उगनी देवी प्रधान क्यामुद्दीन गोबर्धन प्रधान बुन्दल पाण्ये जी पूर्वाचल स्कूल केयर एसोसिएसन के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार विश्वास कर्मा नगई प्रधान आलोक जायसवाल किताबुद्दीन अंसारी संजय यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चेनपुलिंग से शहीद एक्सप्रेस के इंजन में आई खराबी

(करना पडा यात्रियों को परेशानियों का समना)

अमित रेखा दिनेश गुप्ता

देवरिया। भटनी– सीवान रेल खण्ड पर भाटपाररानी स्टेशन के पहले चेनपुलिंग के कारण इंजन में खराबी आ गयी। जिसके




कारण करीब एक घन्टे तक अप ट्रैक पर आवागमन प्रभावित रहा। इंजन ठीक होने पर यातायात सामान्य हुआ। इस दौरान नोनापार रेलवे स्टेशन पर बाघ तथा भटनी स्टेशन पर मालगाड़ी खड़ी रही।शहीद एक्सप्रेस 2रू30 बजे नोनापार रेलवे स्टेशन से होकर गुजरी। वह कुछ ही दूरी पर पहुंची थी कि किसी यात्री ने चेन खींच दी। चेन खींचने के कारण इंजन में खराबी आ गयी तथा इंजन फेल हो गया। लोको पायलट ने इंजन के खराबी की सूचना कन्ट्रोल को दी। लोकोपायलट के प्रयास से इंजन दुबारा ठीक हो गया तथा ट्रेन भाटपाररानी पहुंची। इंजन खराब होने के कारण नोनापार स्टेशन पर बाघ एक्सप्रेस तथा मालगाड़ी खड़ी रही। 2रू40 बजे इंजन ठीक होने पर ट्रैक खाली हो गया। बाघ एक्सप्रेस तथा शहीद एक्सप्रेस के यात्रियों को दिक्क्त का सामना करना पड़ा। इस संबंध में स्टेशन मास्टर मनोज पाण्डेय ने बताया कि चेनपुलिंग होने के कारण इंजन खराब हो गया । बाघ एक्सप्रेस के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## बनारसियों को मिली गर्मी से राहत, इतने दिनों तक बना रहेगा मानसून'

अमित रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। कई दिनों की तेज धूप के बाद आज



रविवार को मौसम म आया परिवर्तन । धीरे–धीरे आसमान में काले बादल छा गए और बारिश शुरू हो गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आज समय पर बारिश हो रही है। आज गोरखपुर, खजनी, सिकरीगंज,महोदवा बाजार,दुधारा चौराहा, ढखवा बाजार,ढेवरा में 12रू00 बजे से हो रही बरसात। उत्तर प्रदेश में 18 जुलाई से मानसून के सक्रिय होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। 18 जुलाई से शुरू होने वाला बारिश का यह सिलसिला छह दिनों तक चलने का अनुमान है।

# 'जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील पड़रौना में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस'

### 'सम्पूर्ण समाधान दिवस में मौके पर किया गया ७ मामलों का निस्तारण'




अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। जनपद के पडरौना तहसील में आज तहसील दिवस ६ संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम ने फरियादियों की समस्याएं सुनी एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए समस्याओं का निस्तारण भी किया सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल 21 मामले फरियादियों द्वारा प्रस्तुत किये गए, जिसमें राजस्व विभाग के 11 पुलिस विभाग के 5 विकास विभाग के 3 तथा अन्य 2 मामले शामिल थे। इनमें से 7 मामले का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जो राजस्व विभाग से सम्बंधित थे। अवशेष सभी 14 मामलों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को तत्काल कार्यवाही कर मामले के निस्तारण का निर्देश दिया आज आये मामले में भूमि पर अवैध कब्जा, लो वोल्टेज विद्युत समस्या, अतिक्रमण, मृत्यु प्रमाण पत्र ,राशन कार्ड, आदि प्रमुख थे। इन मामलों में कुछ मामलों को तत्काल संबंधित अधिकारी के सुपुर्द किया गया तथा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया कि मामले का अविलंब निस्तारण किया जाए। अतिक्रमण पर कार्यवाही का निर्देश दिया गया। कुछ मामलों पर जिलाधिकारी ने फोन पर भी संबंधित अधिकारी से बात करके तत्काल समाधान हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी लिंगम ने इस अवसर पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया कि द्वितीय लहर के कारण जनता दर्शन और तहसील समाधान दिवस बीच में रुक गया था लेकिन अब इसकी शुरुआत फिर से हो चुकी है। सभी संबंधित अधिकारी आइजीआरएस पोर्टल को नित्य चेक करें तथा किसी भी मामले को लंबित नहीं रहने दे। यह एक टीम वर्क है सभी अधिकारी आपस में समन्वय बनाएं इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुज मलिक, उप जिलाधिकारी पड़रौना कोमल यादव, जिला पंचायतराज अधिकारी राघवेंद्र द्विवेदी, जिला वेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार, सहित समस्त विभागों के अधिकारीगण व पुलिस विभाग के अधिकारी गण के साथ तहसील के समस्त अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस पर 64 में से 5 मामलों का हुआ निस्तारण

अमित रेखा दिनेश गुप्ता

देवरिया। देवरिया–जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक डा0 श्रीपति मिश्र ने सलेमपुर तहसील में आयोजित जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं की



सुनवायी किए। जिलाधिकारी ने इस दौरान स्पष्ट रुप से निर्देश दिया है कि सभी सन्दर्भो का निस्तारण गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ सभी अधिकारी सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि न बरतें।जिलाधिकारी श्री निरंजन सलेमपुर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कहा कि राजस्व, विकास एवं पुलिस विभाग से जुडे सभी अधिकारी जिन प्रकरणों में संयुक्त रुप से निराकरण की आवश्यकता हो, उसमें आपसी समन्वय रखते हुए उन मामलो का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होने कहा कि निस्तारण की गुणवत्ता सही होनी चाहिए।किसी भी दशा में सी श्रेणी की स्थिति न रहे, अन्यथा इस स्थिति को कदापि क्षम्य नही किया जाएगा। उन्होने शिकायती सन्दर्भो के निस्तारण पर बल देते हुए कहा कि जो भी प्रकरण जिस विभाग में लम्बित हो, उसका समयबद्धता के साथ निस्तारण करायेगें। कोई भी प्रकरण लम्बित या डिफाल्टर नही होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक डा0 श्रीपति मिश्र ने पुलिस विभाग से जुडे मामलो की सुनवायी किये व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया।इस दौरान कुल 64 प्रकरण आये, जिसमें से 5 का निस्तारण मौके पर ही किया गया। शेष अन्य अनिस्तारित प्रकरणो को संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण के निर्देश केसाथ सौंपा गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम सलेमपुर गुंजन द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा आलोक पाण्डेय, तहसीलदार रामाश्रय, क्षेत्राधिकारी अम्बिका राम, परियोजना निदेशक संजय पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार सहित अन्य विभागो के अधिकारी, कर्मचारी, खंड विकास अधिकारी, थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## दो पक्षों की मारपीट में गर्भवती महिला के बच्चे की हुई हृदयविदारक मृत्यु अभियुक्त गिरफ्तार

अमितरेखा महराजगंज। जनपद महराजगंज के बृजमनगंज ब्लाक मे शनिवार शाम एक हृदयविदारक घटना घटित हुई जहां दो पक्षों की मारपीट में बीच बचाव करने पंहुची गर्भवती महिला को पेट पर लात मारने से छरू माह का पेट से निकल कर जमीन पर गिरकर मर गया एवं महिला की हालत नाजुक बनी हुई हैं अस्पताल में जिन्दगी मौत से लड़ रही है।पीड़ित परिवार ने बृजमनगंज पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध उचित कार्यवाही की मांग की। दिये गये तहरीर के अनुसार रमाशंकर पाल पुत्र अच्छेवर पाल ग्राम शिवपुर पोस्ट अदरौना थाना बृजमनगंज निवासी की दिनांक 17ध07ध 2021 को शाम करीब 5रू00 बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के रामा साहनी पुत्र झीनक पुरानी रंजिश को लेकर गाली गुप्ता देने लगा पीड़ित ने गाली देने से मना किया तो लात मुक्का लाठी डंडा लेकर पीड़ित को मारने पीटने लगा पीड़ित को मार खाता देख म उसकी बहन अनीता देवी पत्नी सचिन बीच–बचाव करने के लिए आ गई जो छरू माह के गर्भ से थी पेट में गर्भ खराब करने की नियत से रामासहानी पेट पर जोर से लात मार दिया और गर्भ गिर गया बच्चा पेट से बाहर तडपते हुए आकर मृत्यु हो गया गर्भवती महिला को चोट लगने एवं गर्भ नुकसान होने तबीयत काफी खराब हो गई जब आस पास के लोगों ने हृदयविदारक घटना देखा तो तमाम लोग इकट्ठा हो गए और हमारी जान बचाने की कोशिश की उसके बाद 112 नंबर फोन किए तब फोन नहीं लगा लेहड़ा मंदिर चौकी पर सूचना दिए और 108 नंबर एंबुलेंस को फोन किए एंबुलेंस से महिला को सीएचसी बृजमनगंज लाया गया जहां से डाक्टर ने हालत गंभीर देख महाराजगंज रेफर कर दिया। अस्पताल में अभी भी महिला अपने जीवन मृत्यु से लड़ रही है ।इस संबंध में बृजमनगंज थानाध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा घेराबंदी कर अभियुक्त जो भागने के फिराक मे था गिरफ्तार कर लिया गया है पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर मिली है तहरीर के आधार पर धारा 316,धारा323,धारा504,धारा506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# कुशीनगर : अभी भी किसानों का 83 करोड़ रुपये दबाए बैठी हैं चीनी मिलें'

### अभी भी किसानों का ८३ करोड़ रुपये दबाए बैठी हैं चीनी मिलें

अमित रेखा – अजय तिवारी

नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर। बहुतायत में गन्ना का उत्पादन होने की वजह से कभी चीनी का कटोरा कहे जाने वाले कुशीनगर जिले के किसानों की समस्या दूर नहीं हो पा रही है। पहले तो रेड रॉट और अत्यधिक वृष्टि के चलते फसल बर्बाद हुई। उसके बाद बचा गन्ना चीनी मिलों को बेचा तो अब भुगतान के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। जिले की पांच चीनी मिलों में से सिर्फ ढाढ़ा ने शत प्रतिशत भुगतान किया है, अन्य चार चीनी मिलों पर कुल मिलाकर 83 करोड़ 85 लाख 36 हजार रुपये बकाया है। जनपद की ढाढ़ा चीनी मिल ने बीते पेराई सत्र में 62.26 लाख क्विंटल गन्ना पेरा था। यह चीनी मिल देय धनराशि 19958.85 लाख रुपये का शत प्रतिशत भुगतान 22 फरवरी को ही कर चुकी है। रामकोला चीनी मिल ने 63.62 लाख क्विंटल गन्ना की पेराई की। देय धनराशि 20522.95 लाख रुपये के सापेक्ष 19838.76 लाख रुपये भुगतान की है और 684.19 लाख रुपये बाकी है। यह चीनी मिल 96.57 प्रतिशत भुगतान की है। कप्तानगंज चीनी मिल ने 29.75 लाख क्विंटल गन्ना पेरा। देय धनराशि 8982.64 लाख रुपये के सापेक्ष 3368.30 लाख रुपये भुगतान किया तथा 5614.34 लाख रुपये अवशेष है। कुल देय धनराशि का 37.50 प्रतिशत भुगतान हुआ है।

सेवरही चीनी मिल ने 43.45 क्विंटल गन्ना पेरा। देय धनराशि 13956.83 लाख रुपये में से 12113.74 लाख रुपये भुगतान की है और 1843.09 लाख रुपये अवशेष है। यह चीनी मिल 86.79 प्रतिशत भुगतान की है। इसी तरह खड्डा चीनी मिल 18.31 लाख क्विंटल गन्ना की पेराई की। देय धनराशि 5947.46 लाख रुपये में से 5703.72 लाख रुपये भुगतान की है तथा 243.74 लाख रुपये अवशेष है। इस प्रकार इन चीनी मिलों ने मिलकर 215.39 लाख क्विंटल गन्ना की पेराई की। कुल 69368.73 लाख रुपये का गन्ना पेरा और 60983.37 लाख रुपये भुगतान किया है। अभी भी 8385.36 लाख रुपये अवशेष है। इस प्रकार इन चीनी मिलों ने 87.91 प्रतिशत ही गन्ना मूल्य का भुगतान किया है।

डीसीओ वेद प्रकाश सिंह का कहना है कि अवशेष गन्ना मूल्य के भुगतान के लिए चीनी मिलों पर दबाव बनाया जा रहा है। शासन का स्पष्ट निर्देश है कि भुगतान शीघ्र कराया जाए। ढाढ़ा चीनी मिल संपूर्ण भुगतान कर चुकी है। तीन और चीनी मिलें इस महीने में संपूर्ण अवशेष धनराशि का भुगतान कर देंगी।

## तरया सुजान पुलिस पिक अप को पशुओं सहित पकड़ा

### उत्तर प्रदेश से एनएच २८ के रास्ते बिहार जा रहा था गोवँश ले कर पशु तस्कर पकड़ा गया

अमित रेखा – कृष्णा यादव तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। जनपद के तरया सुजान थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राज मार्ग 28 के रास्ते बिहार के तरफ माल वाहक पिकप से क्रूरता पूर्वक ले जाये जा रहे गो बंश की एक खेप



को तरयासुजान पुलिस तस्करो के हाथ से मुक्त कराते हुये एक तस्कर को दबोचने में कामयाब हुई है। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर सचिन्द्र पटेल के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर एपी सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज फूलचंद के नेतृत्व में राष्ट्रीय राज मार्ग 28 लतवा चट्टी पुलिया के पास से 'प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान कपिल देव चौधरी मय पुलिस टीम द्वारा एक अदद पिकप नं0 न्च 57 ।ज 6559 से 02 राशि जीवित गोवंश पशु (गाय) बरामद कर एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । पकड़े गये अभियुक्त की पहचान अब्दुल रहीम पुत्र ईद मुहमद निवासी सरेया गद्दी टोला थाना तरयासुजान जिला कुशीनगर के रूप में हुआ है।

## आरटीआई नियमों का हवाला देते हुए वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर वाराणसी को लिखा पत्र

अमित रेखा देवरिया। भटनी के आरटीआई कार्यकर्ता सुमन्त कुमार दीक्षित ने भटनी उत्तरी रेलवे कॉलोनी में निर्मित कंक्रीट की सड़क की गुणवत्ता के सम्बंध आरटीआई के माध्यम से सूचना मांगी थी और फिर केंद्रीय सूचना आयोग ने मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय को निर्देशित किया कि सड़क का निरीक्षण वादी को बताकर व उसकी उपस्थिति में किया जाए।इसके बाद सुमन्त दीक्षित को एक सूचना पत्र मिला कि निरीक्षण अगस्त में होगा और उस निरीक्षण में निरीक्षण टीम के संग आप अकेले उपस्थित रहेंगे आपके साथ कोई अन्य अर्थात नेता समाजसेवी व मीडिया नहीं रहेगी।इसके बाद आरटीआई कार्यकर्ता ने वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर को पंजीकृत पत्र भेजते हुए इस सड़क निरीक्षण में अकेले शामिल होने से इन्कार कर दिया।कार्यकर्ता ने लिखा कि सूचना के अधिकार 2005 की धारा 2 की उपधारा में दस्तावेजों व अभिलेखों के निरीक्षण सामग्री के प्रमाणित नमूने लेना जैसा शब्द उल्लेखित है परंतु ऐसा उल्लेख कहीं नहीं है निरीक्षण के दौरान सिर्फ वादी ही चिन्हित स्थान पर उपस्थित रहेगा।आरटीआई कार्यकर्ता ने लिखा है कि इस तरह केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश की यह अवमानना है कि वादी निरीक्षण में सिर्फ अकेला ही आएगा।यह भी लिखा है कि मुझे आरसीसी सड़क बनाने के सम्बंध में विषय वस्तु विशेषज्ञ की मदद लेनी जरूरी है और सुरक्षा सम्बन्धी कारणों से भी हम अकेले निरीक्षण में शामिल नहीं हो पाएंगे।अगर निरीक्षण में मेरे कुछ शुभचिंतक हमारे साथ रहेंगे तब शामिल होंगे।

## झमाझम बारिश से फसलों में आई जान, किसान खुश

अमित रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी,गोरखपुर। मानसून के दूसरी दस्तक देने के बाद किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों ने कहा कि झमाझम



बारिश के रूप में खेतों में सोना बरसा है।मानसून में हुई देरी देश के अधिकांश किसानों के लिए चिंता का विषय बनी थी। फसलें सूख रही थी, खेतों में दरार पड़ रहे थे। किसान पंप सेट के माध्यम से सिंचाई करना चाहते थे, लेकिन डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण सिंचाई करना किसानों के सामने एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन शनिवार और रविवार से ही जारी बारिश से किसानों को राहत मिली है। इस बारिश से हर प्रकार की फसल को लाभ मिलेगा। चाहे धान की रोपाई हो या छिड़कवा विधि से बोई गई फसल हो, सभी फसलों को इस बारिश से फायदा मिलेगा।हालांकि कुछ किसानों का कहना है कि यह बारिश दलहनी फसलों के लिए हानिकारक है।

## बनकटा पुलिस को मिली कामयाबी पशु तस्करों को किया गिरफ्तार'

अमित रेखा देवरिया लार।

बनकटा , थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह के आदेश के



अनुसार होमगार्ड सुनील कुमार ने दासनरहिया टावर के पास खड़े थे तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रही थी कब जिसका नंबर BR _04 Q_9962 शक के बिना पर रोकने का प्रयास किया लेकिन तस्कर नहीं रुके, तभी सुनील कुमार ने मोटरसाइकिल से पीछा कर भटवालिया पांडे में ग्रामीणों की सहायता से पशु तस्कर और गाड़ी को पकड़ लिया और तत्काल थाने पर सूचना दी सूचना पाकर उप निरीक्षक और अपना हम रानियों के साथ पहुंच कर गोवंश लादे पिकअप समेत तस्करों को थाने पर लाए गिरफ्तार अभियुक्त के शिनाख्त मोहम्मद इजहार व छोटे अली निवासी खगौरा जनप सिवान बिहार रूप में हुई।

# दिल्ली में भव्य विदाई के बाद तोक्यो पहुंचा भारतीय खिलाड़ियों का पहला जत्था

तोक्यो। ओलंपिक में कुछ कर गुजरने के लक्ष्य के साथ भारतीय दल का 88 सदस्यीय पहला जत्था 23 जुलाई से शुरू होने वाले खेलों के लिये रविवार की सुबह यहां पहुंच गया। कोविड–19 महामारी के बीच आयोजित किये जा रहे खेलों के लिये भारत के आठ खेलों तीरंदाजी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी, जूडो, जिम्नास्टिक, तैराकी और भारोत्तोलन के खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और अधिकारी नयी दिल्ली से विशेष विमान से जापान की राजधानी पहुंचे। पहला जत्था 88 सदस्यों का है जिनमें 54 खिलाड़ियों के अलावा सहयोगी स्टाफ और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों का हवाई अड्डे पर कुरोबे शहर के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। उनके हाथों में बैनर थे जिन पर लिखा था, ''कुरोबे भारतीय खिलाड़ियों का समर्थन करता है। रुचीयर्स4इंडिया।'' हॉकी में पुरुष और महिला हॉकी टीमें शामिल हैं। यह किसी एक खेल में भारत का सबसे बड़ा दल है। इससे पहले शनिवार की रात को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने नयी दिल्ली में इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर हर्ष ध्वनि, तालियों की गड़गड़ाहट और शुभकामना संदेशों के साथ भारतीय दल को औपचारिक विदाई दी। हवाई अड्डे पर अप्रत्याशित दृष्य देखने को मिला। ओलंपिक दल के लिये लाल कालीन बिछाया गया था। खिलाड़ियों की विदाई के लिये इतना उत्साह बना हुआ था कि भारत सरकार ने इन सदस्यों की कागजी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिये विशेष व्यवस्था की थी। ठाकुर के अलावा विदाई समारोह में खेल राज्यमंत्री निसिथ प्रमाणिक, भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के महानिदेशक संदीप प्रधान, आईओए के अध्यक्ष नरिंदर



बत्रा और महासचिव राजीव मेहता ने भी हिस्सा लिया। भारत के कुछ खिलाड़ी विदेशों में अपने अभ्यास स्थलों से पहले ही तोक्यो पहुंच चुके थे। भारत की एकमात्र भारोत्तोलक मीराबाई चानू अमेरिका के सेंट लुई में अपने अभ्यास स्थल से शुक्रवार को तोक्यो पहुंची।

## तोक्यो ओलंपिक खेल गांव में रह रहे तीन खिलाड़ी हुए कोरोना वायरस से संक्रमित

*ओलंपिक खेल गांव में रह रहे दो खिलाड़ियों सहित कुल तीन खिलाड़ियों को कोविड–19 के लिये पॉजिटिव पाया गया है। तोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति ने रविवार को यह जानकारी दी।*



तोक्यो। ओलंपिक खेल गांव में रह रहे दो खिलाड़ियों सहित कुल तीन खिलाड़ियों को कोविड–19 के लिये पॉजिटिव पाया गया है। तोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे 23 जुलाई से शुरू होने वाले खेलों के सफल आयोजन को लेकर आशंका बन गयी है। यह पहला अवसर है जबकि खेल गांव में रह रहे खिलाड़ियों को संक्रमण हुआ है। आयोजकों ने खिलाड़ियों की पहचान उजागर नहीं की है। तीसरा खिलाड़ी खेलों के लिये नामित होटल में ठहरा हुआ है। आयोजन समिति ने यहां कोविड–19 के पॉजिटिव मामलों की जो सूची जारी की है उसके अनुसार दिन में कुल 10 मामले सामने आये। इनमें खेलों से संबंधित पांच व्यक्ति, एक ठेकेदार और एक पत्रकार भी शामिल है। समिति के रिकार्ड के अनुसार खेलों से जुड़े कोविड मामलों की संख्या अब 55 पर पहुंच गयी है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के खेलों के मुख्य कार्यकारी निदेशक क्रिस्टोफ डुबी ने कहा, ''जब भी कोविड–19 को कोई मामला आता है तो उसका मतलब होता है कार्रवाई। करीबी संपर्कों की पहचान करने के लिये स्पष्ट प्रक्रिया है। एक मामला केवल आंकड़ा नहीं है बल्कि उसके साथ ही कार्रवाई शुरू हो जाती है जिसमें तुरंत ही परीक्षण करवाना भी शामिल है। '' उन्होंने कहा, ''खेलों के लिये 18000 प्रतिभागियों के जापान आने से पहले कोविड–19 के 40,000 परीक्षण किये गये। इसके अलावा हवाई अड्डे पर जांच हो रही है। नियमित तौर पर जांच और हर दिन परीक्षण किया जा रहा है। '' आयोजकों ने यह नहीं बताया है कि दोनों संक्रमित खिलाड़ियों को खेल गांव में ही रखा गया है या उन्हें किसी अन्य स्थान पर पृथकवास पर भेजा गया है। आईओसी के खेल संचालन निदेशक पियरे डुक्रे ने कहा, ''एक जुलाई से विदेशों से 18000 से अधिक प्रतिभागी यहां पहुंच चुके हैं।

## ओलंपिक के लिए भारत से खिलाड़ियों का पहला दल टोक्यो के लिए रवाना, खेल मंत्री ने कहा- ऑल द बेस्ट

*ओलंपिक में भारत की इकलौती भारोत्तोलक चानू, राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा और सहायक कोच संदीप कुमार के साथ तोक्यो पहुंची। चानू के एक अन्य सहायक कोच प्रमोद शर्मा दिल्ली से पहले जत्थे के साथ रवाना हुए।*

नयी दिल्ली। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने तोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले आठ खेलों के भारतीय खिलाड़ियों एवं सहयोगी सदस्यों को शनिवार शाम को यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर औपचारिक विदाई दी। खिलाड़ियों के पहले जत्थे को विदाई देने के लिए ठाकुर के साथ खेल राज्यमंत्री निसिथ प्रमाणिक, भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के महानिदेशक संदीप प्रधान और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा एवं महासचिव राजीव मेहता के साथ अन्य अधिकारी शामिल थे। यहां से रवाना हुए भारतीय दल में कुल 88 सदस्य हैं, जिसमें 54 खिलाड़ियों के अलावा सहयोगी सदस्य और आईओए के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। शनिवार को रवाना हुए दल में तीरंदाजी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी, जूडो, जिम्नास्टिक, तैराकी और भारोत्तोलन से



जुड़े खिलाड़ी और सहयोगी सदस्य शामिल हैं। इस दल में पुरुष और महिला हॉकी टीम के खिलाड़ियों की संख्या सबसे ज्यादा हैं। हॉकी टीमों का हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिसमें हवाई अड्डे के कर्मचारी दोनों तरफ खड़े होकर ताली बजा रहे थे। शीर्ष भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू 23 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए शुक्रवार को ही अमेरिका में अपने प्रशिक्षण केन्द्र से तोक्यो पहुंच गयी थी। ओलंपिक में भारत की इकलौती भारोत्तोलक चानू, राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा और सहायक कोच संदीप कुमार के साथ तोक्यो पहुंची। चानू के एक अन्य सहायक कोच प्रमोद शर्मा दिल्ली से पहले जत्थे के साथ रवाना हुए। भारतीय मुक्केबाजों का दल भी इटली से तोक्यो रवाना हो चुका है जो रविवार को जापान की राजधानी पहुंचेगा। निशानेबाजों का दल क्रोएशिया से तोक्यो आने के बाद शनिवार को तड़के खेल गांव पहुंचा जहां उन्हें उनके कमरे सौंप दिये गये। भारत के 228 लोगों के दल में 119 खिलाड़ी शामिल है। कोविड–19 महामारी के कारण ओलंपिक खेलों का आयोजन सख्त प्रतिबंधों के साथ दर्शकों के बिना होगा। वरुण ठक्कर, गणपति चेंगप्पा, विष्णु सरवनन, नेत्रा कुमानन के साथ भारतीय नौकायन दल सबसे पहले तोक्यो पहुंचा था।

## फ्यूचर–रिलायंस डील: अमेजन मामले में सिंगापुर मध्यस्थता केंद्र की सुनवाई पूरी

नयी दिल्ली। सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (एसआईएसी) ने शुक्रवार को फ्यूचर समूह और रिलायंस इंडस्ट्रीज के बीच 24,713 करोड़ रुपये के सौदे के खिलाफ ई–कॉमर्स कंपनी अमेजन द्वारा दायर याचिका पर अंतिम सुनवाई पूरी की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एसआईएसी ने इस मामले में अपनी अंतिम सुनवाई 12 जुलाई को शुरू की थी। इस मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार एसआईएसी में गठित न्यायाधिकरण ने इस मामले में अपनी पांच दिन चली अंतिम सुनवाई का समापन कर दिया है। किशोर बियानी के नेतृत्व वाले फ्यूचर समूह का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने किया। अमेजन की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सुब्रमण्यम ने कंपनी का पक्ष रखा। सूत्रों ने बताया कि इस मामले एक महीने बाद फैसला सुनाया जा सकता है। इससे पहले इसी साल के शुरू में इस मामले पर अंतिम सुनवाई के लिएएसआईएसी ने तीन सदस्यीय मध्यस्था मंच का गठन गिया था जिसमें सिंगापुर के बैरिस्टर माइकल हवांग, अलबर्ट वान डेन बर्ग ओर जान पाउलसन को रखा गया है। यह विवाद अगस्त 2020 मेंफ्यूचर समूह द्वारा करीब 24,000 करोड़ रुपये में अपने खुदरा, भंडारण और लॉजिस्टिक कारोबार को रिलायंस इंडस्ट्रीज को बेचने के समझौते की घोषणा के साथ शुरू हुआ था। फ्यूचर समूह की कंपनी फ्यूचर कूपन्स लिमिटेड में निवेश करने वाली ई–कामर्स कंपनी अमेजन ने कहा कि वह इस हिस्सेदारी के नाते फ्यूचर रिटेल की भी हिस्सेदार है। फ्यूचर कूपन्स की फ्यूचर रिटेल में 7.3 प्रतिशत हिस्सेदारी है।अमेजन ने इस सदौने को एसआईएसी में अक्टूबर में चुनौती दी। उसकी अर्जी पर मध्यस्था अदालत ने रिलायंस–फ्यूचर सौदे पर अंतरिम रोक लगा दी।

## वैश्विक स्तर पर महामारी की स्थिति में सुधार के बाद पहली तिमाही में देश से वाहनों का निर्यात बढ़ा

*विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बाजारों में महामारी की स्थिति में सुधार के बाद चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश से यात्री कारों और दोपहिया से लेकर सभी वाहनों के निर्यात में सुधार दर्ज हुआ।*

नयी दिल्ली। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बाजारों में महामारी की स्थिति में सुधार के बाद चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश से यात्री कारों और दोपहिया से लेकर सभी वाहनों के निर्यात में सुधार दर्ज हुआ। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल–जून की तिमाही में देश से कुल वाहन निर्यात बढ़कर 14,19,430 इकाई पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह आंकड़ा 4,36,500 इकाई का रहा था। उस समय देश में कोविड–19 महामारी की वजह से राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लागू था, जिससे वाहनों का निर्यात बुरी तरह प्रभावित हुआ था। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने पीटीआई–से कहा कि जहां दोपहिया का निर्यात पिछले तीन साल की तुलना में बेहतर रहा है, वहीं यात्री वाहनों, तिपहिया और वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात अभी 2018–19 की पहली तिमाही के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया है। उन्होंने कहा, ''यदि हम 2021–22 के निर्यात के आंकड़ों की तुलना करें, तो दोपहिया का प्रदर्शन पिछले तीन साल की तुलना में अच्छा रहा है। हालांकि, यात्री वाहनों, तिपहिया और वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 2018–19 की पहली तिमाही से कम रहा है।'' अप्रैल–जून की तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात 1,27,115 इकाई रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह आंकड़ा 43,619 इकाई रहा था। इस दौरान यात्री कारों का निर्यात 79,376 इकाई, यूटिलिटी वाहनों का 47,151 इकाई तथा वैन का निर्यात 588 इकाई रहा। यात्री वाहन खंड में मारुति सुजुकी ने 45,056



वाहनों का निर्यात किया। हुंदै मोटर का निर्यात 29,881 इकाई रहा। किआ मोटर्स ने इस दौरान 12,448 इकाई तथा फॉक्सवैगन इंडिया ने 11,566 वाहनों का निर्यात किया। तिमाही के दौरान दोपहिया का निर्यात बढ़कर 11,37,102 इकाई पर पहुंच गया, जो एक साल पहले समान तिमाही में 3,37,983 इकाई रहा था। इसी तरह वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात बढ़कर 16,006 इकाई पर पहुंच गया, जो एक साल पहले समान तिमाही में 3,870 इकाई था। इस खंड में टाटा मोटर्स ने 6,653 वाहनों तथा महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 3,931 वाहनों का निर्यात किया। पहली तिमाही में तिपहिया वाहनों का निर्यात बढ़कर 1,37,582 इकाई पर पहुंच गया, जो 2020–21 की पहली तिमाही में 50,631 इकाई रहा था। सभी श्रेणियों में घरेलू बाजार में थोक बिक्री पहली तिमाही में 31,80,039 इकाई रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में 14,92,612 इकाई रही थी। इसकी तुलना में 2019–20 की पहली तिमाही में घरेलू बाजार में वाहनों की बिक्री 60,84,478 इकाई रही थी।

## संक्षिप्त





### पैरालंपिक में देश के लिए पदक जीतना लक्ष्य: सुहास एलवाई

नोएडा। तोक्यो में होने वाले पैरा ओलंपिक में भारत की तरफ से देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए विश्व के तीसरे नंबर के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी (एसएल चार वर्ग) एवं गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी सुहास एल यथिराज ने शनिवार को यहां कहा कि वह देश के लिए पदक जीतने का हर संभव प्रयास करेंगे। सुहास ने कहा कि उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी प्रशासनिक सेवा है। कोविड–19 महामारी के दौरान वह जनपद वासियों की सेवा में हरसंभव तत्पर रहेंगे और इन खेलों के लिए रात के वक्त अपना अभ्यास जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, '' पैरा ओलंपिक में पदक लाना एक बड़ी चुनौती है, लेकिन मैं विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान का खिलाड़ी हूं, जिसकी वजह से पदक जीतने को लेकर मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है।'' उन्होंने इस दौरान कहा, ''मैं देश के सभी माता पिता से अपील करता हूँकि वे अपने दिव्यांग बच्चों का समुचित ध्यान रखें। उन्हें खेल–कूद, पढ़ाई या वे जो भी करना चाहते हैं उसमें उनका समर्थन करें। मेरे दिवंगत पिता ने मुझ पर भरोसा किया, जिसके कारण आज मैं खेलों में देश का प्रतिनिधित्व कर पा रहा हूं।'' भारतीय पैरालिंपिक समिति (पीसीआई) दीपा मलिक ने रविवार को यहां सेक्टर 27 स्थित जिला अधिकारी कैंप कार्यालय सुहास एलवाई को पैरालंपिक कोटा हासिल करने पर टी–शर्ट भेंट कर उन्हें बधाई दी। , उन्होंने कहा, '' देश सुहास एलवाई से स्वर्ण चाहता है। ऐसे में उन्हें अब अभ्यास पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।'' इससे पहले खेल की संचालन संस्था बीडब्ल्यूएफ ने शुक्रवार को भारत को द्विपक्षीय कोटा प्रदान किया जिससे सुवास और मनोज सरकार ने पैरालंपिक खेलों के लिये क्वालीफाई कर लिया। इससे बैडमिंटन का सात सदस्यीय दल पैरालंपिक में हिस्सा लेगा।

### सीबीआई ने एस कुमार्स नेशनवाइड के खिलाफ 160 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ धोखाधड़ी के आरोप में कपड़ा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एस कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला 160 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का है। सीबीआई ने यह मामला बैंक की शिकायत के बाद दर्ज किया है। बैंक का आरोप है कि इस धोखाधड़ी में कंपनी और उसके प्रवर्तक और निदेशकों सहित प्रबंध निदेशक नितिन कासलीवाल और निदेशक विजय गोवर्धनदास कलंत्री, अनिल कुमार चन्ना, राजिंदर कृष्ण गर्ग और जगदीश संजीव रेड्डी शामिल हैं। बैंक के अनुसार एस कुमार्स नेशनवाइड ने बैंक से कई ऋण सुविधाएं ली हुई थीं, जो में गैर–निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में बदल गईं। केपीएमजी के फॉरेंसिक ऑडिट के बाद 2020 में इस खाते को श्धोखाधड़ीश वाला घोषित कर दिया गया था। बैंक का कहना है कि कंपनी ने अपनी 94 प्रतिशत बिक्री कुछ चुनिंदा वितरकों को ही दिखाई है और ग्राहकों से प्राप्तियों को बट्टे खाते में डालकर और संदिग्ध पुन:बिक्री लेनदेन को उसी ग्राहक के पास काफी रियायती दर पर दिखाया है। प्राथमिकी में बैंक ने आरोप लगाया है कि कंपनी और उसके निदेशकों ने 2013–2018 की अवधि के दौरान बैंक को गलत तरीके से 160.68 करोड़ रुपये नुकसान पहुंचाया और खुद लाभ कमाया।

### बजाज ऑटो ने नागपुर में अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक की बुकिंग शुरू की

मुंबई। बजाज ऑटो ने नागपुर में 16 जुलाई से अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक की बुकिंग शुरू कर दी है। ग्राहक कंपनी की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.चेतक.कॉम पर 2,000 रुपये में इस वाहन की बुकिंग कर सकते हैं। इससे पहले पुणे और बेंगलुरु में चेतक स्कूटर के बुकिंग स्लॉट 48 घंटे से भी कम समय में भर गए। नागपुर में भी कुछ इसी तरह की प्रतिक्रिया की उम्मीद की जा रही है। बजाज ऑटो के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने कहा, ''बेंगलुरु और पुणे में उभोक्ताओं की शानदार प्रतिक्रिया के बाद हम चेतक को नागपुर लाकर काफी खुश हैं। इसके बाद इसे अन्य शहरों में भी उतारा जाएगा।'' चेतक इलेक्ट्रिक वाहन दो संस्करणों....प्रीमियम और अर्बन में नागपुर में चेतक की कुछ चुनिंदा डीलरशपि पर उपलब्ध है। इस वाहन की शोरूम कीमत 1,42,998 रुपये से शुरू होती है।

### ओला के ई–स्कूटर के लिए एक लाख से अधिक बुकिंग मिलीं

नयी दिल्ली। ओला इलेक्ट्रिक को अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर के लिए पहले चौबीस घंटों में ही एक लाख से अधिक बुकिंग मिल गई हैं। कंपनी ने अभी अपना ई–स्कूटर उतारा नहीं है, लेकिन इसकी बुकिंग 15 जुलाई की शाम से शुरू कर दी गई है। ओला के चेयरमैन एवं समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भाविश अग्रवाल ने एक बयान में कहा, ''हमारे पहले ई–स्कूटर के लिए देशभर के ग्राहकों से जो प्रतिक्रिया मिली है, वह काफी उत्साहवर्धक है। इस स्थिति को देखकर पता चलता है कि आज ग्राहक इलेक्ट्रिक वाहनों को पसंद कर रहे हैं।''ओला का दावा है कि उसका इलेक्ट्रिक स्कूटर रफ्तार, रेंज, पैर रखने की जगह के साथ प्रौद्योगिकी के मामले में काफी आगे होगा। कंपनी ने कहा है कि वह अपने इस वाहन का दाम काफी आक्रामक तरीके से तय करेगी ताकि ज्यादा लोग इसे खरीद सके। कंपनी अगले कुछ दिन में इस स्कूटर की खूबियों तथा कीमत की जानकारी देगी। स्कूटर का विनिर्माण कंपनी के तमिलनाडु के कारखाने में किया जाएगा। कंपनी के इस कारखाने का पहला चरण पूरा होने के करीब है। इस कारखाने की पूरी एक करोड़ वाहन की सालाना उत्पादन क्षमता का निर्माण अगले साल तक पूरा होगा।

# सम्पादकीय........

## तालिबान के शिकंजे में अफगान

जब तक अफगान सरकार और तालिबान के बीच सुलह का कोई रास्ता नहीं तलाशा जाता तब तक वहां हिंसा और संघर्ष का दौर चलता रहेगा। अफगानिस्तान में जमीनी हालात तेजी से बदल रहे हैं। हाल में तालिबान ने देश के कई इलाकों पर हाल में अपना शिकंजा और कसा है। उत्तर पूर्व, उत्तरी और पश्चिमी इलाकों में उसकी पैठ और मजबूत हुई है। अफगान सरकार भले ही यह दावा करे कि सुरक्षा स्थिति अभी भी उसके नियंत्रण में है, लेकिन तथ्य कुछ और ही कहानी बयान करते हैं। कंधार की सुरक्षा स्थिति भी खराब है। इसे देखते हुए भारत ने वहां स्थित अपने वाणिज्य दूतावास के भारतीय कर्मियों को गत सप्ताह वापस बुलाने का फैसला किया। यह बिल्कुल सही था, क्योंकि इन कर्मियों को खतरे में नहीं झोंका जा सकता था। गत वर्ष भी भारत ने जलालाबाद और हेरात स्थित अपने वाणिज्य दूतावास बंद किए थे। उसके पीछे आधिकारिक वजह कोरोना महामारी को बताया गया था, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि सरकार को आभास हुआ कि ये दोनों अफगान शहर भारतीय स्टाफ के लिए असुरक्षित हो गए हैं। इन वाणिज्य दूतावासों को बंद करने से जहां भारतीय हितों को आघात पहुंचा वहीं पाकिस्तान को संतुष्टि मिली। पाकिस्तान ने हमेशा ये मिथ्या आरोप लगाए हैं कि अफगान स्थित इन प्रतिनिधि कार्यालयों का उपयोग भारत उसके लिए समस्याएं उत्पन्न करने में करता रहा है।फिलहाल तालिबान अमेरिकी सेनाओं की वापसी का फायदा उठा रहा है। इससे अफगानिस्तान में अनिश्चितता बढ़ गई है। इससे कुछ सवाल भी उठ रहे हैं। एक तो यही कि क्या तालिबान की मौजूदा सैन्य कार्रवाई के पीछे यह वजह है कि वह अपनी स्थिति मजबूत करके अफगान सरकार से वार्ता करेगा या फिर उसने वार्ता की राह पूरी तरह छोड़ दी है और ताकत से सत्ता हथियाना चाहता है? हमारे पास अभी तक इसका जवाब नहीं है, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि अगर तालिबान सत्ता साझेदारी के आधार पर अंतरिम सरकार का हिस्सा बनने पर सहमत हुआ तो वह रक्षा क्षेत्र और खुफिया एजेंसियों पर नियंत्रण की मांग करेगा। शायद अफगान सरकार इस पर राजी न हो। जो भी हो, जब तक अफगान सरकार और तालिबान के बीच सुलह का कोई रास्ता नहीं तलाशा जाता तब तक हिंसा और संघर्ष का दौर चलता रहेगा। इस बीच 14 जुलाई को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की ताजिकिस्तान में बैठक हुई। वहां अफगानिस्तान की हालत ही मुख्य मुद्दा रहा। इसमें भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ अन्य सदस्य देशों चीन, रूस, पाकिस्तान और मध्य एशियाई देशों के विदेश मंत्री शामिल हुए। अफगान विदेश मंत्री ने भी इसमें भाग लिया। जयशंकर ने हिंसा की समाप्ति और समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान की अपील की। तालिबान का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि अगर सत्ता ताकत से हासिल की जाएगी तो उसे मान्यता नहीं मिल पाएगी। उन्होंने इस पर भी जोर दिया कि अफगान जनता के अधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए और उसके पड़ोसी देशों को अफगान धरती से उपजे आतंकवाद से पीडित न होना पड़े। एससीओ विदेश मंत्रियों ने अफगानिस्तान पर एक संयुक्त बयान भी जारी किया। इसमें कहा गया कि अफगानिस्तान को एक लोकतांत्रिक देश के रूप में उभरना चाहिए, जो हिंसा, चरमपंथ और अवैध अफीम की पैदावार से मुक्त हो। बयान में इसका भी उल्लेख था।

## आज का राशिफल

मेष :– बुद्धिमत्ता द्वारा प्रत्येक दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद संभव।

बृषभ :– अपनी भावुकता पर नियंतणरखें। हर रिश्ते में अपने अनुकूल अपेक्षा रखना आपकी सबसे बड़ी मूर्खता है। माता के स्वास्थ के प्रति कुछ चिन्ताएं होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

मिथुन :– भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं। कुछ अच्छे आसारों से मन प्रसन्न होगा। रोजगार में अच्छे लाभ के आसार बनेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

कर्क :– भौतिक–सुख साधन में व्यय के आसार हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं प्रसन्नता लाएंगी किंतु पारिवारिक चिंताओं से मन ग्रसित होगा। आंतरिक प्रतिभाओं द्वारा सगे–संबंधों में प्रभावी बनेंगे।

सिंह :– घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बने। पूजा–पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। आलस्य त्यागें।

कन्या :– भौतिकता के आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। सगे–संबंधों में व्यवहार कुशल बने। कुछ नयी अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। पारिवारिक वातावरण उत्साहित रहेगा।

तुला :– दुविधाओं को त्याग सही और स्वच्छ योजनाओं की ओर केंद्रित हों। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है किंतु भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी।

वृश्चिक :– निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

धनु :– दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न आने दें। बाहर की दुनिया में समय देने से अच्छा है कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्ठा करें। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

मकर :– भावनाओं पर नियंतणरख दायित्वों के प्रति सजग हों। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करने में सक्षम होंगे। धनागम के ने स्रेत बनेंगे। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

कुंभ :– किसी महत्वपूर्ण दायित्व की कुशल पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा। नौकरी–पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

मीन :– राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी किंतु सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें।

# वैश्विक खतरा बनेगा तालिबान

**प्रेम शर्मा**

*अमेरिकी प्रशासन को यह बताना चाहिए कि क्या उसके और तालिबान के बीच यही समझौता हुआ था कि अमेरिकी सेनाएं शांति एवं स्थिरता सुनिश्चित किए बिना वहां से निकल आएंगी? अभी तो ऐसा लगता है कि उसने जानबूझकर तालिबान लड़ाकों को अफगानिस्तान पर कब्जा करने का मौका दे दिया। अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी तय हो जाने के बाद से वहां तालिबान का कब्जा जिस तेजी से बढ़ रहा है, वह चिंताजनक है। खबर है कि अफगानिस्तान के कुल 421 में से एक तिहाई से ज्यादा जिलों पर उनका कब्जा हो चुका है। वे तेजी से आगे बढ़ते आ रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह कि अफगान सेना के जवान तालिबान लड़ाकों का ढंग से सामना भी नहीं कर पा रहे।*

अमेरिका ने अपने स्वार्थ में अफगानिस्तान में जिस तरह तालिबान के समक्ष आत्मसमर्पण किया, उससे उसकी साख पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। यदि अमेरिका को अफगानिस्तान को तालिबान के ही हवाले करना था तो फिर उसकी सेनाएं वहां दो दशक तक क्यों डटी रहीं और क्यों उसने वहां अरबों डॉलर खर्च किए? अमेरिका ने अफगानिस्तान को उसके हाल पर छोड़कर खुद को केवल अविश्वसनीय ही नहीं बनाया, बल्कि इस पूरे क्षेत्र की शांति को भी खतरे में डालने का काम किया है।भारत की चिंता का विषय केवल यह नहीं कि अफगानिस्तान में उसके हितों के लिए खतरा बढ़ रहा है बल्कि यह भी है कि पाकिस्तान तालिबान का इस्तेमाल उसके खिलाफ कर सकता है। इसकी भरी–पूरी आशंका है कि इसके लिए चीन पाकिस्तान को उकसाने का काम कर सकता है। भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता कि तालिबान सरगना किस तरह चीन को अपना मित्र बताने में लगे हुए हैं। पाकिस्तान में हाल ही चीन के कर्मचारियों की विस्फोट से मौत के बाद चीन तिलमिलाया हुआ है लेकिन उसका यह तिलमिलना कितने बना रहेगा यह कहना मुश्किल हैं लेकिन जिस तरह से तालिबानी ताकत उभर रही है वह एक वैश्विक खतरे का संकेत है। भारत ने कंधार में अपने वाणिज्यिक दूतावास को जिस तरह अस्थायी तौर पर बंद करने और वहां के कर्मचारियों को निकालने का फैसला किया, उससे यही स्पष्ट हो रहा है कि तालिबान लड़ाके अफगानिस्तान में अपनी बढ़त कायम करते जा रहे हैं। यह किसी से छिपा नहीं कि तालिबान एक के बाद एक शहर अपने कब्जे में लेते चले जा रहे हैं। यदि वे इसी तरह आगे बढ़ते रहे तो आने वाले दिनों में अफगानिस्तान के अन्य बड़े शहरों और राजधानी काबुल के लिए भी खतरा बन सकते हैं।

यदि ऐसी स्थिति बनती है तो इसके लिए अमेरिका जिम्मेदार होगा, जिसने सब कुछ जानते–समझते हुए अपनी सेनाओं को वहां से वापस बुलाने का फैसला लिया। अमेरिकी प्रशासन को यह बताना चाहिए कि क्या उसके और तालिबान के बीच यही समझौता हुआ था कि अमेरिकी सेनाएं शांति एवं स्थिरता सुनिश्चित किए बिना



वहां से निकल आएंगी? अभी तो ऐसा लगता है कि उसने जानबूझकर तालिबान लड़ाकों को अफगानिस्तान पर कब्जा करने का मौका दे दिया। अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी तय हो जाने के बाद से वहां तालिबान का कब्जा जिस तेजी से बढ़ रहा है, वह चिंताजनक है। खबर है कि अफगानिस्तान के कुल 421 में से एक तिहाई से ज्यादा जिलों पर उनका कब्जा हो चुका है। वे तेजी से आगे बढ़ते आ रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह कि अफगान सेना के जवान तालिबान लड़ाकों का ढंग से सामना भी नहीं कर पा रहे। तालिबान लड़ाकों के डर से बड़ी संख्या में अफगान सेना के जवान सीमा पार कर पड़ोसी देश ताजिकिस्तान भाग गए। अफगान सरकार ने तालिबान से मुकाबले के लिए लोकल मिलिशिया को भी संगठित किया था। लेकिन वे भी अब तक आधे–अधूरे ढंग से ही लड़ते दिखे हैं। ऐसे में इस बात की संभावना कम ही लगती है कि अफगान सेना या लोकल मिलिशिया का कोई ग्रुप अब तालिबान की राह रोक सकेगा। तालिबान प्रवक्ताओं की बातों में भी उनके बढ़े हुए आत्मविश्वास की झलक दिखने लगी है। तालिबान के हौसले इतने बुलंद है कि उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी दे डाली कि समय सीमा समाप्त होने के बाद किसी भी बहाने से विदेशी फौज की कोई टुकड़ी वहां रुकी तो अंजाम के लिए वह खुद जिम्मेदार होगी। अमरीका एक व्यापारी देश है उसने अफगानिस्तान को तालिबान और उन्हें पालने–पोसने वाले पाकिस्तान के भी हवाले करने का जो काम किया। अमेरिका अफगानिस्तान में इसीलिए नाकाम हुआ, क्योंकि उसने तालिबान को समर्थन और संरक्षण देने के लिए पाकिस्तान को कभी जवाबदेह नहीं बनाया। अमेरिका की नाकाम नीति के कारण पाकिस्तान अफगानिस्तान में तालिबान के बढ़ते वर्चस्व पर इतरा रहा है। अफगानिस्तान में जमीनी हालात तेजी से बदल रहे हैं। हाल में तालिबान ने देश के कई इलाकों पर अपना शिकंजा और कसा है। उत्तर पूर्व, उत्तरी और पश्चिमी इलाकों में उसकी पैठ और मजबूत हुई है। अफगान सरकार भले ही यह दावा करे कि सुरक्षा स्थिति अभी भी उसके नियंत्रण में है, लेकिन 250 से अधिक मौतों और तथ्य कुछ और ही कहानी बयान करते हैं। कंधार की सुरक्षा स्थिति भी खराब है। याद करें गत वर्ष भी भारत ने जलालाबाद और हेरात स्थित अपने वाणिज्य दूतावास बंद किए थे। उसके पीछे आधिकारिक वजह कोरोना महामारी को बताया गया था, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि सरकार को आभास हुआ कि ये दोनों अफगान शहर भारतीय स्टाफ के लिए असुरक्षित हो गए हैं। इन वाणिज्य दूतावास बंद करने से जहां भारतीय हितों को आघात पहुंचा वहीं पाकिस्तान को संतुष्टि मिली। पाकिस्तान ने हमेशा ये मिथ्या आरोप लगाए हैं कि अफगान स्थित इन प्रतिनिधि कार्यालयों का उपयोग भारत उसके लिए समस्याएं उत्पन्न करने में करता रहा है। अमेरिकी सेनाओं की वापसी से अफगानिस्तान में अनिश्चितता बढ़ गई है। इससे कुछ सवाल भी उठ रहे हैं। एक तो यही कि क्या तालिबान की मौजूदा सैन्य कार्रवाई के पीछे यह वजह है कि वह अपनी स्थिति मजबूत करके अफगान सरकार से वार्ता करेगा या फिर उसने वार्ता की राह पूरी तरह छोड़ दी है और ताकत से सत्ता हथियाना चाहता है ?14 जुलाई को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में अफगानिस्तान की हालत ही मुख्य मुद्दा रहा। इसमें भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ अन्य सदस्य देशों चीन, रूस, पाकिस्तान और मध्य एशियाई देशों के विदेश मंत्री शामिल हुए थें। जयशंकर ने हिंसा की समाप्ति और समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान की अपील करते हुए तालिबान का नाम लिए बिना कहा कि अगर सत्ता ताकत से हासिल की जाएगी तो उसे मान्यता नहीं मिल पाएगी। उन्होंने इस पर भी जोर दिया कि अफगान जनता के अधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए और उसके पड़ोसी देशों को अफगान धरती से उपजे आतंकवाद से पीड़ित न होना पड़े।इस दौरान एससीओ विदेश मंत्रियों ने अफगानिस्तान पर एक संयुक्त बयान भी जारी किया। इसमें कहा गया कि अफगानिस्तान लोकतांत्रिक देश के रूप में उभरना चाहिए, जो हिंसा, चरमपंथ और अवैध अफीम की पैदावार से मुक्त हो। बयान में यह भी उल्लेख था कि अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों की गतिविधियां अस्थिरता की सबसे बड़ी वजह हैं। सामरिक मोर्चे सहित अफगानिस्तान में भारत के व्यापक हित जुड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में भारत के हित में यही है कि वह वास्तविकता को स्वीकार करते हुए तालिबान से वार्ता करे, भले ही उसकी कड़ियां पाकिस्तान से क्यों न जुड़ी हों। ऐसा करके भारत तालिबान की कट्टरपंथी सोच पर मुहर नहीं लगाएगा। यही मांग है कि राष्ट्रीय हितों के लिए दुश्मन देश के दोस्त से भी बात की जाए।

# बढ़ती जनसंख्या से मुंह मोडने की कोशिश

**संजय गुप्त**

जब अन्य समुदायों ने छोटे परिवार की महत्ता को समझ लिया है, तब फिर उसे शेष समुदाय भी समझें तो इसमें बुराई क्या है? उत्तर प्रदेश विधि आयोग की ओर से जनसंख्या नियंत्रण कानून का मसौदा तैयार किए जाने के बाद बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की जनसंख्या नीति भी जारी कर दी। इसी के साथ जनसंख्या नियंत्रण को लेकर जारी बहस और तेज हो गई। इसका एक कारण उत्तर प्रदेश की तरह असम सरकार की ओर से भी जनसंख्या नियंत्रण के उपाय करना है। कुछ नेता और बुद्धिजीवी उत्तर प्रदेश सरकार की जनसंख्या नियंत्रण की पहल को न केवल आगामी चुनावों से जोड़ रहे हैं, बल्कि यह भी कह रहे हैं कि इसका उद्देश्य मुस्लिम समुदाय को निशाने पर लेना है। ऐसे लोगों का यह भी मानना है कि इस पहल के सार्थक नतीजे सामने नहीं आएंगे, क्योंकि ऐसे प्रयास पहले भी विफल हो चुके हैं। इन लोगों का तर्क है कि जनसंख्या वृद्धि की मौजूदा रफ्तार को देखते हुए करीब दो–तीन दशक बाद देश की आबादी बढने की दर स्थिर हो जाएगी। ये लोग एक तो इसकी अनदेखी कर रहे हैं कि अगले दो–तीन दशक तो जनसंख्या बढ़ती ही रहेगी और दूसरे, योगी सरकार की जनसंख्या नीति में कहीं भी यह संकेत तक नहीं किया गया कि उसका उद्देश्य किसी समुदाय विशेष की आबादी पर रोक लगाना है। वैसे जनसंख्या नियंत्रण की पहल को मुस्लिम समुदाय से जोडना एक तरह से इसकी स्वीकारोक्ति है कि इस समुदाय में अन्य समुदायों की अपेक्षा आबादी तेजी से बढ़ रही है। पता नहीं जनसंख्या नियंत्रण की पहल का विरोध कर रहे लोग यह क्यों नहीं देख पा रहे हैं कि जब अन्य समुदायों ने छोटे



परिवार की महत्ता को समझ लिया है तब फिर उसे शेष समुदाय भी समझें तो इसमें बुराई क्या है? यदि शेष समुदाय भी छोटे परिवार की महत्ता समझ लेते हैं तो इससे उनका ही हित होगा। आखिर इस सत्य से मुंह मोडने का क्या मतलब कि देश के कई हिस्सों में मुस्लिम समुदाय की आबादी वृद्धि दर अधिक है? इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि मुस्लिम समाज के बीच ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो यह प्रचार करते हैं कि अधिक बच्चे पैदा करने में ही उनकी भलाई है या फिर बच्चे तो अल्लाह की मर्जी से पैदा होते हैं। मुसलमानों के बीच यह भी प्रचार किया जाता है कि अपनी अहमियत बनाए रखने के लिए आबादी तेजी से बढ़ाएं। आज भारत लगभग 1.4 अरब आबादी के साथ विश्व का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है। अगले कुछ वर्षों में हम आबादी के मामले में चीन से भी आगे निकल जाएंगे। यह कोई उपलब्धि नहीं होगी। कुछ समय पहले तक हमारे समाजशास्त्री और राजनीतिज्ञ युवा आबादी को एक संपदा के तौर पर देखने के साथ यह मानकर चल रहे थे कि हम दूसरे देशों को मानव संसाधन उपलब्ध कराने में सफल रहेंगे, लेकिन तब शायद किसी ने इसकी कल्पना नहीं की थी कि इंटरनेट आधारित तकनीक बहुत कुछ बदल देगी। बीते कुछ समय से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटीकरण का चलन जिस तेजी से बढ़ा है, उससे रोजगार के मौके कम होते जा रहे हैं। आने वाले दिनों में लोगों का काम मशीनें अधिक करेंगी। ऐसे में रोजगार का संकट और गहन होगा। आज चीन तेजी के साथ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स को अपनाकर अपने कारखानों की उत्पादकता को एक नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। यह स्थिति कई विकसित देशों की भी है। जहां इन देशों के कारखाने कर्मचारी रहित होते जा रहे हैं, वहीं भारत आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल में बहुत पीछे है। कोविड काल में ऑफिस का काम घर से करने की जो सुविधा मिली, उसे अब स्थाई माना जा रहा है। तकनीक के इस्तेमाल के चलते आवाजाही कम होती जाएगी। इसका असर भी रोजगार के अवसरों पर पड़ेगा। एक तर्क यह दिया जाता है कि जरूरी नहीं कि भारत हर बात को अपनाए, पर पिछले दिनों भारत ने ड्रोन के जरिये माल डिलीवरी की संभावनाएं टटोलीं। अगर यह प्रयोग सफल रहता है तो तमाम डिलीवरी ब्वॉय की नौकरियां जा सकती हैं। तकनीक इसी तरह अन्य क्षेत्रों की नौकरियों को भी कम करने का काम करेगी। आज विकसित देशों में जिस काम को दो–तीन लोग करते हैं, उसे भारत में आम तौर पर सात–आठ लोग करते हैं। उत्पादकता के इस कमजोर स्तर का खामियाजा देश को भोगना पड़ रहा है। हम विश्व के उत्पादकता सूचकांक में कहीं पीछे हैं। हमारी एक बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, लेकिन इस क्षेत्र की हमारी उत्पादकता कई दक्षिण एशियाई देशों से भी कम है। एक तर्क यह भी है कि जब लोग शिक्षित होंगे तो स्वतरू ही छोटे परिवार की महत्ता समझ जाएंगे, लेकिन शिक्षा का खराब स्तर किसी से छिपा नहीं। इसी तरह सभी इससे भी अवगत हैं कि हम अपनी जीडीपी का बहुत कम प्रतिशत शिक्षा पर खर्च कर पा रहे हैं। यदि हमारी आबादी इसी तरह बढ़ती रही तो फिर हम कभी भी शिक्षा पर पर्याप्त धनराशि खर्च नहीं कर पाएंगे और इसी तरह गरीबी से जूझते रहेंगे। भारत या किसी भी देश के लिए यह संभव नहीं कि वह आधुनिक तकनीक से मुंह मोड़े रहे, क्योंकि जो देश तकनीक नहीं अपनाएगा वह पिछड़ता जाएगा और अपनी आबादी के रहन–सहन के स्तर को ऊपर नहीं उठा पाएगा। हम जितनी जल्दी यह समझें, उतना ही अच्छा कि हमें बढ़ती आबादी का बोझ कम करने की जरूरत है, क्योंकि बड़ी आबादी हमारी समृद्धि और विकास में बाधक है। तमाम विज्ञानियों का आकलन है कि अगर भारत खुद को तेजी से विकसित करेगा तो उसका पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ऐसे में यह समझदारी नहीं कि हम जनसंख्या वृद्धि पर कुछ न करें। यदि जनसंख्या वृद्धि पर लगाम नहीं लगी तो अगले दो–तीन दशकों में उसमें 20–25 करोड़ लोग और जुड़ जाएंगे। ऐसा होने का मतलब है कि हमारे भूभाग के पर्यावरण पर और अधिक बोझ पडना। यह किसी से छिपा नहीं कि तेजी से बढ़ती आबादी पर्यावरण के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। यदि भारत अपनी आज की आबादी पर ही स्थिर हो जाए तो भी मानव संसाधन के तमाम सूचकांकों में विश्व के अग्रणी 20 देशों में पहुंचने के लिए जितने संसाधनों की जरूरत पड़ेगी, उनका पर्यावरण पर बहुत अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ऐसे में बेहतर होगा कि असम, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों की ओर से जनसंख्या नियंत्रित करने के लिए जो उपाय किए जा रहे हैं, उनकी बेवजह आलोचना न की जाए।



# डेब्यू के समय ही राधिका मदान को मिली सर्जरी की सलाह

बॉलिवुड में अक्सर चर्चा होती है कि ऐक्टर्स अपने लुक्स के लिए कई बार सर्जरी का सहारा लेते हैं। कुछ ऐक्टर्स इस बात को स्वीकार करते हैं कि उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी का सहारा लिया है जबकि कुछ इससे इनकार करते हैं। कुछ ऐक्टर्स ऐसे भी होते हैं जिन्हें कई बार कॉस्मेटिक सर्जरी का सहारा लेने की सलाह फिल्ममेकर्स देते रहते हैं मगर वे उससे इनकार कर देते हैं। हाल में ऐक्ट्रेस राधिका मदान ने अपना एक ऐसा ही एक्सपीरियंस शेयर किया है। राधिका मदान टीवी से फिल्मों में आई थीं। ऐसे में वह अलग–अलग फिल्मों के लिए ऑडिशंस दे रही थीं। राधिका ने कहा, श्मुझसे कहा गया कि मुझे एक खास शेप और साइज में होना चाहिए और इसके लिए मुझे सर्जरी की जरूरत है।य राधिका को लगता था कि वह काफी खूबसूरत हैं। उन्होंने कहा, श्मुझे तो मैं बहुत सही लगती हूं। कौन हैं ये लोग कहने वाले कि मैं खूबसूरत नहीं हूं। अगले 1.5 साल तक मुझे कोई काम नहीं मिलता। ऐसे में खुद पर शक होने लगता है। मगर मुझे पता था सफर कठिन होगा इसलिए मैं ऑडिशंस को इंजॉय करने की पूरी कोशिश करने लगी। जल्द ही मुझे अपनी पहली फिल्म मिल गई।य राधिका ने बताया कि एक समय ऐसा भी आया कि उन्हें अपने किरदार के लिए एक ही महीने के भीतर 12 किलो वजन बढ़ाना था और फिर इसे कम भी करना था। राधिका ने इसके लिए काफी मेहनत की। ऐसी ही मेहनत उन्हें फिल्म श्मर्द को दर्द नहीं होताय के लिए ऐक्शन सीन्स फिल्माने में भी की थी। राधिका मदान ने केवल 17 साल की उम्र में अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने अपना ऐक्टिंग करियर टीवी सीरियल श्मेरी आशिकी तुमसे हीय से शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने डांस रीऐलिटी शो झलक दिखला जा में काम किया था। इसके बाद राधिका ने फिल्मों में आने का फैसला लिया और फिल्म श्पटाखाय से बॉलिवुड डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने मर्द को दर्द नहीं होता और अंग्रेजी मीडियम में काम किया है। राधिका की फिल्म शिद्दत भी पूरी हो चुकी है। जल्द ही वह वेब सीरीज श्फील्स लाइक इश्कय में नजर आने वाली हैं।

# इंटरनेट पर छाया सोनल चौहान का ये BOLD LOOK











बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनल चौहान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। सोनल अक्सर अपने बोल्ड एंड ग्लैमरस अंदाज के चलते सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक बार फिर सोनल ने अपने हॉट लुक से फैन्स के होश उड़ा दिए हैं, तो आइए आपको दिखाते हैं उनकी ये अदाओं से भरी तस्वीरें।

# सलमान को टक्कर देने के लिए खूब मेहनत कर रहे हैं इमरान हाशमी

सलमान खान की फिल्म टाइगर की तीसरी इंस्टॉलमेंट को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं. फिल्म के दोनों इंस्टॉलमेंट्स श्एक था टाइगरय्य और श्टाइगर जिंदा हैय को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. इस बार तीसरी इंस्टॉलमेंट में सलमान के अलावा कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी लीड रोल में हैं. सलमान और कैटरीना तो पहले भी साथ काम कर चुके हैं, लेकिन पहली बार सलमान और इमरान काम करने वाले हैं. फिल्म में सलमान वहीं इंडियन स्पाई का किरदार निभाएंगे वहीं



इमरान उनके दुश्मन का किरदार निभाएंगे और इसी वजह से फैंस दोनों की टक्कर देखने के लिए एक्साइटेड हैं. इमरान अपने किरदार के लिए और सलमान को टक्कर देने के लिए खूब मेहनत कर रहे हैं. इसी बीच इमरान ने अपनी एक फोटो शेयर की है जो उनके ट्रेनिंग के दौरान की है. इस दौरान इमरान के जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देखकर आप भी अपनी नजरें नहीं हटा पाएंगे. इमरान ने मास्क पहना हुआ है और वह अपना रिप्पड बॉडी फ्लॉन्ट कर रहे हैं. फोटो शेयर करते हुए इमरान ने लिखा, सिर्फ शुरुआत हुई है. फैंस इमरान के इस पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं, टाइगर 3 में आपको देखने के लिए एक्साइडेट, तो किसी ने लिखा, टाइगर वर्सेस टाइगर. किसी ने लिखा, टाइगर 3 के लिए तगड़ी मेहनत. वहीं एक ने लिखा, सलमान और आपको साथ में देखने के लिए एक्साइटेड. इमरान ने सलमान के साथ काम करने को लेकर कहा था, श्सलमान के साथ काम करने में काफी मजा आएगा. उनके साथ काम करने का मेरा सपना था जो अब पूरा ह गया है.य मेकर्स टाइगर 3 के इंटरनेशनल शूट की तैयारी में बिजी हैं. 15 अगस्त के बाद टीम जाएगी. हालांकि अभी डेस्टिनेशन्स फाइनल नहीं किए गए हैं. हो सकता है फिल्म की शूटिंग यूरोप और मिडल ईस्ट में हो. वहीं फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले मेकर्स टीम के सभी मेंबर्स को वैक्सीनेशन लगवाएंगे. सिर्फ वैक्सीन लगे लोग ही शूटिंग में शामिल होंगे. फिल्म के मेकर्स ने मुंबई के ग्राउंड में मिडल ईस्ट मार्केट का रेप्लिका का सेट बनाया था. हालांकि तूफान की वजह से सेट बर्बाद हो गया था. अब मेकर्स फिर से सेट को बनाएंगे. हालांकि फिल्म का थोड़ा ही पोर्शन शूट करना है.

## पोल डांस न सिर्फ मेरी फिटनेस का हिस्सा, बल्कि मेरा मेडिटेशन भी है:

# कृति खरबंदा



अभिनेत्री कृति खरबंदा के लिए पोल डांस सिर्फ फिटनेस नहीं है, बल्कि, ये उनके लिए ध्यान का काम भी करता है। कृति ने बताया, आज यह न केवल मेरी फिटनेस का हिस्सा बन गया है, बल्कि मेरे ध्यान का भी हिस्सा बन गया है। पोल डांस केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं है, बल्कि अत्यंत ध्यानपूर्ण है। आपको 100 प्रतिशत ध्यान केंद्रित करना है वरना आप गिर जाएंगे और खुद को बुरी तरह से घायल कर लेंगे। कृति ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोल डांसिंग वीडियो शेयर कर लोगों को चौंका दिया है। उन्हें ऐसा करने के लिए क्या प्रेरित किया? हाउसफुल 4 की अभिनेत्री ने जवाब दियारू जब मैंने हाउसफुल साइन की, तो मुझे साइज में आने की जरूरत थी। पहली पोल डांसिंग क्लास के लिए मैं गई थी, मुझे लगा कि मेरा हाथ गिरने वाला है, मेरे पैरों में चोट लग गई थी। लेकिन जब मैं आई घर, मुझे लगा कि मैंने कुछ ऐसा हासिल कर लिया है जिसके बारे में मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह संभव होगा। उस भावना ने मुझे बार–बार पोल पर वापस ला दिया। अभिनेत्री का कहना है कि पोल डांस एक ऐसी चीज है जो वह पूरी तरह से अपने लिए करती है, लेकिन जरूरत पडने पर वह किसी फिल्म में अपने कौशल का प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करेंगी। उनका कहना है, ईमानदारी से कहूं तो पोल डांस एक ऐसा काम है जो मैं अपने लिए करती हूं। मैंने इस एजेंडा के साथ पोल डांस नहीं सीखा या इसमें शामिल नहीं हुई कि मेरे पास एक कौशल होना चाहिए और मुझे प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए। लेकिन ऐसा कहने के बाद, भी अगर मुझे अवसर मिलेगा तो मैं न नहीं कहूंगी और मैं इसे पर्दे पर करना पसंद करूंगी। कृति ने हाल ही में बॉलीवुड में 12 साल पूरे किए हैं। यह पूछे जाने पर कि उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उनका समग्र अनुभव क्या था, अभिनेत्री ने जवाब दियारू मैंने बेहद युवा और भोलेपन से अभिनय किया। जबकि 12 साल एक लंबे समय की तरह लगता है, मेरे लिए यह बस उड़ गया है। मैंने बहुत कुछ सीखा और हासिल किया है और मैं इसके लिए आभारी हूं। एकमात्र चुनौती जिसका मैंने सामना किया, कभी–कभी जब चीजें आपके तरीके से काम नहीं करती हैं, तो आप अपनी क्षमता पर सवाल उठाते हैं। पिछले चार या पांच साल सिर्फ उत्पादक और अत्यंत फलदायी नहीं रहे हैं। मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं कहां हूं ,आज खड़ी हूं और उन सभी संघर्षों और कठिनाइयों पर गर्व करती हूं जिनका मैंने सामना किया। काम के मोर्चे पर, कृति अगली बार 23 जुलाई को रिलीज होने वाली डिजिटल फिल्म 14 फेरे में दिखाई देंगी। फिल्म के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहारू 14 फेरे एक बहुत ही प्रासंगिक सामाजिक पारिवारिक कॉमेडी ड्रामा है। इसमें सब कुछ थोड़ा सा है। फिल्म के पोस्टर से, जिसमें रोका समारोह दिखाया गया है, यह एक साधारण प्रेम कहानी प्रतीत हो सकती है। लेकिन स्पष्ट रूप से ऐसा नहीं है, सब कुछ बहुत ही ट्विस्टेड होने वाला है। यह एक बहुत ही दिलचस्प फिल्म है जिसे आप अपने परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं। फिल्म में, कृति ने अदिति नाम की एक लड़की की भूमिका निभाई है, जो संजय से प्यार करती है, जिसे विक्रांत मैसी ने निभाया है। अपने सह–कलाकार के साथ अपनी ऑन–स्क्रीन केमिस्ट्री के बारे में बात करते हुए, कृति ने साझा कियारू विक्रांत वास्तव में एक मजेदार सह–कलाकार हैं। मुझे लगता है कि जब आप किसी के साथ काम करते हैं और केमिस्ट्री सही होती है । आप साथ होते हैं, तो यह स्क्रीन पर खूबसूरती से अनुवादित होता है।



## हैल्थ कॉन्शियस है तो आज बनाकर खाएं गुजराती खांडवी

बेसन खांडवी गुजरात की फेमस डिशेज में से एक है। यह खाने में टेस्टी और हल्की होती है। इसे खाने से पेट हैल्दी रहता है। मगर अक्सर लोग इसे बनाने में कंफ्यूज़र रहते हैं। आप इसे विकेंड में बनाकर खा सकते हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए खास गुजराती खांडवी की रेसिपी लेकर आए है। चलिए जानते हैं इसे बनाने की रेसिपी...

सामग्री

बेसन– 1 कप

अदरक–हरी मिर्च पेस्ट– 1 बड़ा चम्मच

हल्दी पाउडर– 1/2 छोटा चम्मच

छाछ– 3 कप

हींग– चुटकीभर

राई– 1/2 छोटा चम्मच

नींबू का रस– 1 बड़ा चम्मच

नमक– स्वाद अनुसार

तेल– आवश्यकता अनुसार

नारियल– 2 बड़े चम्मच (कद्दूकस किया)

धनिया– 1 बड़ा चम्मच (बारीक कटा)

विधि

. एक बाउल में बेसन, नमक, हल्दी, नींबू का रस, अदरक–हरी मिर्च का पेस्ट और छाछ मिलाएं।

. इसे पैन में डालकर लगातार चलाते हुए पकाएं।

. मिश्रण को गाढ़ा घोल होने तक पकाएं।

. अब प्लेट के पिछले हिस्से पर तेल लगाकर मिश्रण पतला सा मिश्रण फैलाएं।

. मिश्रण के ठंडा होने पर इसे दो इंच चौड़ी स्ट्रिप्स में काटकर रोल करें।

. अब अलग पैन में तेल गर्म करके हींग और राई भूनें।

. प्लेट में खांडवी रखकर ऊपर से हींग और राई का तड़का डालें।

. नारियल और धनिया से गार्निश करके सर्व करें।



## नाश्ते में बनाएं टेस्टी–टेस्टी इंदौरी पोहा

नाश्ते में खासतौर पर लोग पोहा खाना पसंद करते हैं। वहीं लोग इसमें अलग–अलग सब्जियां डालकर खिलाते हैं। मगर आज हम आपके लिए खास इंदौरी पोहा की रेसिपी लेकर आते हैं। यह चिड़वा, सब्जी, भुजिया और मूंगफली से तैयार किया जाता है। लिए जानते हैं इसे बनाने का तरीका. ..

सामग्री

पोहा–2 कप

हरी मिर्च– 2 (बारीक कटी)

सौंफ– 1 छोटा चम्मच

राई– 1/2 छोटा चम्मच

हल्दी पाउडर– 1/4 छोटा चम्मच

शक्कर– 2–3 बड़े चम्मच

नमक– स्वाद अनुसार

हरा धनिया– 1 बड़ा चम्मच (बारीक कटा)

प्याज– 1रु2 कप (बारीक कटा)

चटपटी इंदौरी सेव– जरूरत अनुसार

तेल– 2 बड़े चम्मच

मसाला बूंदी– जरूरत अनुसार

जीरावन मसाला– जरूरत अनुसार

नींबू– 1 बड़ा चम्मच

विधि

– सबसे पहले पोहा धोएं और इसका पानी निकाल कर अलग रखें।

– अब इसमें हल्दी, नमक और शक्कर मिलाएं।

– पैन में तेल गर्म करके राई का तड़का लगाएं।

– इसमें हरी मिर्च, सौंफ पकाएं।

– इसमें पोहा मिलाकर धीमी आंच पर पकाएं।

– अब एक पतीले में पानी उबालें।

– उस पानी में पोहा का पैन रखकर इसे भाप में पकाएं।

– पोहा पकने पर इसे प्लेट में निकालें।

– इसे सेंव, प्याज, जीरावन मसाला, बूंदी और नींबू से गार्निश करके सर्व करें।





## विटामिन ई कैप्सूल के 7 फेसपैक, स्किन प्रॉब्लम्स के हिसाब से करें यूज

विटामिन ई कैप्सूल स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होता है। खास बात तो यह है कि इससे त्वचा कोई नुकसान नहीं होता। हालांकि कुछ महिलाओं को लगता है कि इससे चेहरे पर बालों की ग्रोथ बढ़ती है लेकिन यह सिर्फ एक मिथ है। असर में विटामिन ई कैप्सूल आपकी कई ब्यूटी प्रॉब्लम्स का रामबाण इलाज है। आज हम आपको विटामिन ई कैप्सूल के कुछ फेस मास्क बताएंगे, जिन्हें आप अपनी प्रॉब्लम्स के हिसाब से यूज करके ग्लोइंग स्किन पा सकती हैं।

स्किन ब्राइटनिंग के लिए विटामिन ई मास्क

2 विटामिन ई कैप्सूल जैल और 2 बड़े चम्मच दही और नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाएं। इससे चेहरे पर मसाज करने के बाद 15 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर ताजे पानी से धो लें। हफ्ते में 2 बार इस फेस मास्क का इस्तेमाल करें। विटामिन ई और दही त्वचा से सभी अशुद्धियों को साफ करते हैं और उसे चमकदार बनाते हैं।

मुंहासे के लिए विटामिन ई कैप्सूल

कैप्सूल से विटामिन ई का तेल सीधे अपने चेहरे या प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और रात भर के लिए छोड़ दें। ऐसा नियमित रूप से तब तक करें जब तक निशान गायब न हो जाएं। इसमें एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो क्षतिग्रस्त त्वचा कोशिकाओं की मरम्मत करते हैं।

डार्क सर्कल्स के लिए

कैप्सूल से विटामिन ई का तेल सीधे अपनी आंखों के आसपास के क्षेत्र पर लगाएं। इसे हल्के हाथों से मसाज करें और रात भर के लिए छोड़ दें। कम से कम 2–3 सप्ताह तक नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करने से काले घेरे गायब हो जाएंगे।

पपीता और विटामिन ई पैक

3–4 विटामिन ई कैप्सूल, 2 बड़े चम्मच पपीता पेस्ट और 1 चम्मच ऑर्गेनिक शहद मिलाएं। मास्क को चेहरे और गर्दन पर 20–25 मिनट तक लगाएं। फिर ताजे पानी से धो लें। इससे सनटैन की समस्या दूर होगी और स्किन ग्लो करेगी।

हाइपरपिग्मेंटेशन

2 विटामिन ई जैल में 1 बड़ा चम्मच वर्जिन ऑयल मिलाकर चेहरे पर 10 मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें। इसे कम से कम एक घंटे या रात भर के लिए लगा रहने दें। इसे हफ्ते में तीन बार इस्तेमाल करें। यह त्वचा को मॉइस्चराइज करता है और डैमेज सेल्स को रिपेयर करता है।

ड्राई स्किन

2 विटामिन ई कैप्सूल, 1 चम्मच ऑर्गेनिक शहद और 2 बड़े चम्मच दूध मिलाएं। इसे अपने चेहरे पर लगाकर 20 मिनट बाद ताजे पानी से धो लें। ऐसा हफ्ते में तीन बार करें। इसमें लैक्टिक एसिड होता है, जो त्वचा को हल्का और पोषण देकर रुखेपन को दूर करता है।

गर्मियों के लिए बेस्ट पैक

एक विटामिन ई कैप्सूल, 2 बड़े चम्मच गुलाबजल और एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाएं। इसे अपने चेहरे पर लगाकर रातभर के लिए छोड़ दें। हफ्ते में 2–3 बार इस मास्क का इस्तेमाल करें। इससे चेहरे की धूल–मिट्टी व डेड स्किन निकल जाएगी और त्वचा ग्लो करेगी।





## लौंग के तेल में छिपा है कई समस्या का हल, जानिए इसके दमदार फायदे

लौंग एक फायदेमंद मसाला है। इसका इस्तेमाल खाने का स्वाद बढ़ाने व हैल्दी रहने के लिए होता है। वहीं इसमें एंटी–इंफ्लेमेटरी, एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–वायरल, एंटी–सेप्टिक गुण होने आयुर्वेद में इसे फायदेमंद माना गया है। आयुर्वेद अनुसार, लौंग के साथ इसका तेल भी कई शारीरिक समस्याएं दूर करने में कारगर है। चलिए आज हम आपको लौंग तेल के फायदे व इस्तेमाल करने का तरीका बताते हैं...

– मिचली का इलाज

अक्सर कई बार घबराहट व जी मिचलाने की समस्या होती है। ऐसे में लौंग के एसेंशियल ऑयल से एरोमा थेरेपी लेना कारगर रहेगा।

– दांत दर्द करे कम

दांत दर्द की समस्या से निपटने के लिए लौंग तेल फायदेमंद माना जाता है। इसके लिए कॉटन में लौंग तेल की 2–3 बूंदें डालकर दांत पर रखें। कॉटन को दांतों के बीच मजबूती से पकड़े रखें। जब लौंग तेल के कैमिकल्स लार के साथ मिलकर रिसना शुरु करते हैं तो दांत दर्द कम होने में मदद मिलती है।

– सिर दर्द से दिलाए आराम

लौंग के तेल में एंटी–इंफ्लेमेटरी, एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–वायरल, एंटी–सेप्टिक गुण होते हैं। यह सिर दर्द से आराम दिलाने के साथ सूजन कम करने में मदद करता है। इसके साथ स्ट्रेस कम होकर अच्छी व गहरी नींद आने में मदद मिलती है। इसके लिए एक कटोरी में लौंग तेल की 4–5 बूंदें व चुटकीभर नमक मिलाकर माथे पर लगाएं।

– तनाव करे कम

भागदौड़ भरी जिंदगी के कारण आज बहुत से लोग तनाव में है। इसे कम करने के लिए आप लौंग का तेल इस्तेमाल कर सकती है। आयुर्वेद अनुसार भी लौंग तेल से मसाज करने से तनाव कम होने में मदद मिलती है। इसके लिए 1 छोटा देसी घी में कुछ बूंदें लौंग तेल की मिलाकर माथे पर सर्कुलर मोशन में लगाएं। उसके साथ कानों के पीछे से शुरु करके ऊपर व पीछे की ओर मसाज करें। इससे स्ट्रेस कम होकर मन शांत होगा। साथ ही थकान, कमजोरी दूर होकर अंदर से खुशी का अहसास होगा।

– मुंहासे हटाए

मानसून दौरान चेहरे पर धूल–मिट्टी चिपकने से पिंपल्स, दाग–धब्बे आदि की अधिक समस्या होती है। ऐसे में इससे छुटकारा दिलाने में लौंग का कारगर माना गया है। यह पिंपल्स को साफ करके उसे पैदा करने वाले बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकता है। इसके लिए एक कटोरी में 2 छोटे चम्मच एलोवेरा जैल और 4–5 बूंदें लौंग तेल की मिलाएं। तैयार मिश्रण को प्रभावित जगह या पूरे चेहरे पर लगाएं। इस उपाय को कुछ दिन लगातार दोहराने से मुंहासों की समस्याएं से आराम मिल जाएगा। ऐसे में चेहरा साफ, निखरा, मुलायम व खिला–खिला नजर आएगा।

– बालों के लिए

चेहरे के साथ आप लौंग तेल को बालों में भी लगा सकती है। इससे स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ने में मदद मिलती है। बालों को जड़ों से पोषण मिलने से हेयर फॉल की समस्या से छुटकारा मिलता है। ऐसे में बालों को तेजी से बढ़ने में मदद मिलती है। इसके लिए नारियल, बादाम, जैतून आदि किसी भी तेल में लौंग तेल की कुछ बूंदें मिलाएं। फिर इससे स्कैल्प को हल्के हाथों से मसाज करें। 1 घंटा इसे लगा रहने दें। बाद में माइल्ड शैंपू से बाल धो लें।

## हाथों को निखारने में अपनाएं ये देसी नुस्खे, तुरंत दिखेगा असर

गर्मी में चेहरे के साथ हाथों में भी ड्राईनेस व टैनिंग होने लगती है। वैसे तो इससे बचने के लिए बाजार में बहुत से ब्यूटी प्रोडक्ट्स मिलते हैं। मगर इनमें कैमिकल होने से स्किन को नुकसान हो सकता है। ऐसे में आप कुछ घरेलू चीजों को लगाकर इससे छुटकारा पा सकती है। चलिए जानते हैं हाथों की टैनिंग हटाने के लिए कुछ घरेलू उपाय... – दही और हल्दी का पैक दही त्वचा को गहराई से सफाई करके पोषित करता है। यह डेड स्किन सेल्स साफ करके मॉइश्चराइजर की तरह काम करता है। साथ ही सूरज की हानिकारक तेज किरणों से बचाव करता है। हल्दी स्किन को पोषित करके रंगत निखारने में मदद करती। ऐसे करें इस्तेमाल एक कटोरी में 2 बड़े चम्मच दही और 1 छोटा चम्मच हल्दी मिलाएं। मिश्रण को हाथों से पर 20 मिनट लगाएं।घ्बाद में ताजे पानी से धो लें। – चंदन और हल्दी पाउडर हाथों की टैनिंग दूर करने के लिए आप चंदन और हल्दी पैक लगा सकती है। यह कोमलता से हाथों की सफाई करके उसे पोषित करेगा। ऐसे करें इस्तेमाल एक कटोरी में 2 बड़े चम्मच चंदन पाउडर, 1घ्4 छोटा चम्मच हल्दी व जरूरत अनुसार गुलाब जल मिलाएं। इसे हाथों पर 30 मिनट या सूखने तक लगाएं। बाद में पानी से धो लें। – एलोवेरा त्वचा को पोषण देने व रंगत निखारने में एलोवेरा बेस्ट मानी गई है। इससे टैनिंग दूर करने में भी मदद मिलती है। ऐसे करें इस्तेमाल एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच ऐलोवेरा जेल और 1 बड़ा चम्मच ऐलोवेरा जूस मिलाएं। इसे हाथों पर लगाकर मसाज करें। रातभर लगा रहने दें। सुबह ताजे पानी से हाथ धो लें। इससे हाथों की डेड स्किन सेल्स साफ होंगे। त्वचा का रूखापन, टैनिंग दूर होकर हाथ साफ, मुलायम व ग्लोइंग नजर आएंगे। – खीरे का पेस्ट खीरा विटामिन सी और एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–एजिंग गुणों से भरपूर होता है। यह कोमलता से स्किन की सफाई करके खोईचमक वापस दिला सकता है। ऐसे करें इस्तेमाल

एक कटोरी में 2 बड़े चम्मच खीरे का रस या पेस्ट और 1/2 बड़ा चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इसे हाथों पर 30 मिनट तक लगाएंघ्। बाद में पानी से धो लें।





अच्छा रिजल्ट पाने के लिए इनमें से किसी भी पैक को हफ्ते में 2 बार लगाएं

# 'जनपद में आज सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह कार्यक्रम'

***'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत ८६ जोडे दाम्पत्य सूत्र में बंधे'***

***'७१ हिन्दू जोडो का विवाह वैदिक रीतियों से तथा १५ मुस्लिम जोडो का हुआ निकाह'***

***'अतिथियों द्वारा विवाहित जोडो को दी गई शुभकामना'***




राजू प्रसाद श्रीवास्तव ( ब्यूरो– प्रदेश प्रभारी )

अमिटरेखा नन्द राय

देवरिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विधानसभावार आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 86 जोडे दाम्पत्य सूत्र में बधे, जिसमें 71 हिन्दू जोडो का विवाह वैदिक रीति अनुसार तथा 15 मुस्लिम जोडो का निकाह कराया गया। विधानसभा पथरदेवा के ब्लाक मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, रुद्रपुर विधानसभा में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री पशुधन जय प्रकाश निषाद एव सीडीओ शिव शरणप्पा जीएन, सदर ब्लाक में मुख्य अतिथि गन्ना विकास उपाध्यक्ष नीरज शाही, सलेमपुर में जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र एवं बरहज में आयोजित इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुवर पंकज, चेयरमैन नगरपालिका परिषद गौरा बरहज सिरकत किए व बर बधु को आर्शीवाद व शुभाकामनाएं मुख्य अतिथियों द्वारा दी गयी।

पथरदेवा में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि गरीबों की शादी धूमधाम एवं भव्यता के साथ सुनिश्चित हो, इसके लिये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित की गयी है। आज इसी योजना के तहत यह भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। उन्होने कहा कि यह अत्यन्त ही सराहनीय तथा बेटी को संरक्षण देने वाला योजना है। उन्होने नव दम्पतियों को विवाह बंधन की शुभकामनाये देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

रुद्रपुर के इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि मत्स्य राज्य मंत्री श्री निषाद ने कहा कि सबका साथ–सबका विकास के साथ गरीबों के कल्याण का कार्य किया जा रहा है। उन्होने नवदम्पतियों के जीवन सार्थक एवं मंगलमय हो, इसकी कामना की। सदर विकास खण्ड के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष गन्ना विकास संस्थान नीरज शाही ने भी विवाहित जोडो के मंगलमय जीवन की शुभाकामना दिए।

जिलाधिकारी श्री निरंजन ने कहा कि यह अत्यन्त ही महत्वाकांक्षी योजना है, ऐसे गरीब परिवार जो अर्थाभाव के कारण अपनी पुत्रियों की शादी में काफी दिक्कतें महसूस करते हो, उनके इस कठिनायी के दृष्टिगत यह योजना चलायी गयी है। गरीब परिवारों की शादियां बडे ही धूमधाम एवं भव्यता के साथ इसके तहत सम्पन्न करायी जाती है। उन्होने यह भी कहा कि इस योजना के तहत कन्या के बैंक खातें में 35 हजार की धनराशि दी जाती है तथा 10 हजार रुपए के गृहस्थी के सामान दिए जातें है एवं 6 हजार रुपए प्रति जोडे आवश्यक व्यवस्थाओं पर खर्च की जाती है। इस प्रकार प्रति जोड 51 हजार की धनराशि की अनुमन्यता इस योजना के तहत की गयी है। पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र ने कहा कि यह अत्यन्त ही पवित्र योजना है। आज इसके माध्यम से एक साथ एक मण्डप में दाम्पत्र सूत्र में बडी संख्या में बध रहे है, जिसके हम सभी साक्षी है। उन्होने सभी जोडो को शुभकामनायें दीं। देवरिया सदर में 12, बरहज में 13, पथरदेवा में 17, सलेमपुर में 29, रुद्रपुर में 15 जोडे सहित कुल 86 वर वधू दाम्पत्य सूत्र में बंधे, जिन्हे गृहस्थी के सामानो को प्रदान करते हुए उन्हे अतिथियों, प्रबुद्धजनो आदि के द्वारा विदा किया गया। पथरदेवा में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, खंड विकास अधिकारी पथरदेवा, तरकुलवा, देसही देवरिया, रुद्रपुर में खंड विकास अधिकारी रुद्रपुर, सदर में उप जिलाधिकारी सदर, खंड विकास अधिकारी सदरध्जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कांत राय, सलेमपुर के इस विवाह कार्यक्रम में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारीध्प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी नीरज अग्रवाल, खण्ड विकास अधिकारी सुधा सिंह, ओम प्रकाश, ज्ञान प्रकाश एवं बरहज में खंड विकास अधिकारी बरहज एवं भलुअनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, क्षेत्रीय प्रबुद्धजन एवं परिजन आदि उपस्थित रहे।

## जलाभिषेक नहीं कर पाएंगे श्रद्धालु

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज, मंडल प्रभारी।

ोरोना के चलते इस बार भी मिनी बाबा धाम के नाम से महशूर पंचमुखी इटहिया शिव मंदिर में जलाभिषेक नहीं कर पाएंगे श्रद्धालु महराजगंज। पूर्वांचल में मिनी बाबा धाम के नाम से



मशहूर महराजगंज जनपद के पंचमुखी इटहिया शिव मंदिर में कोरोना के चलते इस साल भी श्रद्धालु जलाभिषेक नहीं कर पाएंगे। सावन माह में भी भोलेनाथ का परिसर सूना ही रहेगा। इस साल भी सावन में कोई मेला नहीं लगेगा। इसके लिए शनिवार को जिला प्रशासन ने दिशा निर्देश जारी कर दिया है। कोरोना महामारी के चलते यह निर्णय लिया गया है। सावन मेला और कांवड़िया सेवा के लिए अनुमति नहीं होगी।

डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार ने बताया कि महामारी कोरोना अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। संक्रमण के मामले अभी भी आ रहे हैं। इसके मद्देनजर इटहिया शिव मंदिर में सावन मेला व कांवड़ यात्रा को अनुमति नहीं दी गई है। क्योंकि मेले में सामाजिक दूरी व एक–दूसरे के संपर्क में लोगों को आने से नहीं रोका जा सकता है। ऐसी स्थिति में मेला समिति के प्रस्ताव पर इटहिया मंदिर के सावन मेले को इस साल स्थगित कर दिया गया। परिसर में अस्थायी दुकानें, झूला व अन्य किसी प्रकार की दुकानें नहीं लगेंगी।

मेला स्थगित होने से बीस लाख की चपत

कोरोना की वहज से ईटहिया शिव मंदिर परिसर में दो साल से सावन मेला का आयोजन नहीं हो रहा है। इससे मंदिर को बीस लाख रूपये का नुकसान होगा। इसके अलावा पुजारी व मेला पर आश्रित अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सावन माह में ईटहिया शिव मंदिर में करीब 20 लाख का चढ़ावा चढ़ता है। साथ ही साथ कई लोगों की रोजी रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। मंदिर के पुजारी ध्यान गिरी का कहना है कि कोरोना महामारी के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। इससे श्रद्धालुओं में निराशा है, लेकिन स्वास्थ्य बड़ा मुद्दा है। उसकी हिफाजत सर्वोपरि है।

## कोविड नियमित समीक्षा बैठक
## जिलाधिकारी कार्यालय में संपन्न हुई बैठक

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। अध्यक्षता जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम ने की उक्त बैठक में अस्पतालों में मेडिकल इक्विपमेंट्स की स्थिति के बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से पूछताछ की गई। इस संदर्भ में आवश्यक प्रक्रिया को समय रहते सम्पन्न करने का निर्देश दिया गया। जिला अस्पताल में बनने वाले स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट (नवजात शिशु की विशेष देखभाल इकाई ) के संदर्भ में वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई। एस एन सी यू में बच्चों के बेड के बारे में जिलाधिकारी ने पूछा और इस संबंध में उक्त इकाई में अच्छी सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिये । ऑक्सीजन प्लांट और ऑक्सीजन प्लेटफार्म इन दोनों मुद्दों पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा जानकारी प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने समय से इसके सभी कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिये। ऑक्सीजन प्लांट लगाने हेतु प्लेटफार्म निर्माण की प्रक्रिया इत्यादि को समय रहते पूरा करने का निर्देश अपर जिलाधिकारी को दिया गया बैठक में ऐ0 ई0 एस0 और जे0 ई0 की समीक्षा दौरान बताया गया कि 7 मामले आए हैं जिसमें से एक मामले में मृत्यु हो चुकी है। इन 7 मामलों में से 4 मामले बीआरडी कॉलेज गोरखपुर के तथा तीन मामले कुशीनगर के हैं। जिलाधिकारी ने इस संदर्भ में मरीज की पूरी हिस्ट्री की जानकारी लेने का निर्देश दिया तथा क्षेत्र भ्रमण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुज मलिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र गुप्ता, अपर जिलाधिकारी विंध्यवासिनी राय एवम स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# समाधान दिवस चारो तहसील में कुल 84 मामले आये 8 का हुआ निस्तारण

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज, मंडल प्रभारी। कोरोना को लेके सम्पूर्ण समाधान दिवस बन्द कर दिया गया।चार माह बाद फिर से सम्पूर्ण समाधान दिवस शुरू किया गया है जिसमें निचलौल तहसील पर सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार द्वारा की गयी। शनिवार को निचलौल तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 27 मामले आये, जिनमें 2 का जिलाधिकारी ने मौके पर ही निस्तारण किया तथा शेष मामलों के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनका निस्तारण जल्द से जल्द नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए। समाधान दिवस में गैरहाजिर रहने पर अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग को स्पष्टीकरण भेजा गया। समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता, सी.डी.ओ. गौरव सिंह सोगरवाल, उपजिलाधिकारी निचलौल प्रमोद कुमार, समेत समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




फरेंदा में 29 मामले में से 1 का हुआ निस्तारण–फरेंदा तहसील परिसर सभागार में शनिवार को संपूर्ण तहसील दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें फरियादियों ने अपने समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को शिकायत पत्र सौंपा। कोरोना संक्रमण के दौरान संपूर्ण समाधान दिवस बंद हो गया था। शनिवार को इसका पुनः प्रारंभ हुआ।

उपजिलाधिकारी अभय गुप्ता व पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे ने फरियादियों की समस्याओं को सुना व इसके निस्तारण के लिए जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि अपर आयुक्त गोरखपुर के नेतृत्व में सभी विभागों के अधिकारी समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित हैं। इस दौरान फरियादी अपनी समस्याओं को रख उसका निस्तारण करा सकते हैं। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

## डीलर की मनमानी के खिलाफ उपभोक्ता ने एमओ से की शिकायत'

अमिट रेखा मेहरौना लार

सिवान, दरौली गुठनी – किरासन तेल कम देने और अधिक मूल्य लेने पर एक उपभोक्ता ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से आवेदन देकर डीलर के खिलाफ शिकायत की है. दरौली के टोका निवासी भोला चौहान ने इस मामले में अपने ही गांव के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार संदीप गुप्ता की शिकायत करते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को लिखे आवेदन में कहा है कि डिलर द्वारा 3 महीने के बाद मात्र 2 लीटर किरासन तेल दिए हैं और मूल्य भी 50 प्रति लीटर के हिसाब से लिया गया है. जबकि किरासन तेल का वास्तविक मूल्य 42 रुपये है. तीन महीने के बाद दो लीटर तेल और अधिक पैसा लेने का विरोध किया गया तो डीलर द्वारा यह कह कर भगा दिया गया कि लेना है तो लो वरना यह भी नहीं मिलेगा. बतादे कि आपूर्ति विभाग द्वारा दिन प्रतिदिन किरासन तेल वितरण में कटौती करते–करते अब 1 लीटर प्रति महीना तक आ गया है. ऐसे में 3 महीने के बाद भी 1 लीटर तेल की कटौती किए जाने से उपभोक्ताओं में काफी नाराजगी है. उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली की व्यवस्था भले ही बहुत हद तक बेहतर हुई हो, परंतु बरसात के मौसम में अक्सर बिजली की सप्लाई बारिश होती है. ऐसे में किरासन तेल का घर में होना आवश्यक है ताकि रात के समय बिजली कटने पर ढिबरी या लालटेन जलाया जा सके. इधर आपूर्ति पदाधिकारी संतोष सिन्हा ने बताया कि आवेदन मिला है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बारिश से फीका हुआ समाधान दिवस, खजनी तहसील में आये 41 मामलों में दो का मौके पर हुआ निस्तारण'

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। गोरखपुर कोरोना महामारी के दौरान 16 मार्च से बन्द चल रहे तहसील समाधान दिवस का 123 दिन बाद शनिवार आयोजन हुआ जो फीका रहा। सुबह से शुरू हुई बारिश के कारण खजनी में एसडीएम पवन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 41 मामले आये जिसमे दो का मौके पर ही निस्तारण किया गया। लाकडाउन के बाद खजनी तहसील सभागार में शनिवार को पहली बार तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बारिश के कारण सिर्फ 41मामले ही आये। , खजनी ने एसडीएम को पत्रक देकर कहा कि उनकी जमीन पर उनके पट्टीदारों ने मिट्टी डालकर कब्जा कर लिया है। 2015 से तहसील समाधान दिवस का चक्कर लगा रहा हूँ। एसडीएम ने हल्का लेखपाल को बुला कर कहा कि इस मामले को गम्भीरता से लें और मामले का निस्तारण करावें। एसडीएम ने इस मामले की जांच का आदेश दिया है। समाधान दिवस में आये 41 मामलों में दो का तत्काल निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान तहसीलदार नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा, सीओ इंदु प्रभात सिंह, यस आई अरुण कुमार सिंह वन विभाग अधिकारी सूरज शर्मा, एडीओ पंचायत खजनी परमात्मा प्रसाद पांडे, सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# तमकुहीराज तहसील मुख्यालय पर स्थित कृषि भवन बदहाली का शिकार

***जर्जर एवं निश प्रभावित हो गया है क्षेत्रीय किसानों का प्रशिक्षण केंद्र ृषि भवन तमकुही राज***

***कृषि प्रसार अधिकारी किसान सहायक किसान मित्र सब घर बैठे ले रहे हैं सरकार से मानदेय***

***किसानो के भाग्य विधाता सरकार में बैठे परंतु नहीं ले रहे हैं किसानों की शुधि***




अमिटरेखा – कृष्णा यादव तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। जनपद के तमकुही राज एनएच 28 चौराहे ओवर ब्रिज के पास तमकुहीराज तहसील क्षेत्र में स्थित कृषि भवन का कार्यालय लगभग 20 वर्ष पहले तहसील क्षेत्र के किसानों को प्रशिक्षण देने के साथ ही किसानों के विकास के लिए मृदा परीक्षण का कार्य भी हुआ करता था इस भवन में किसानों की देखभाल करने के लिए कृषि प्रसार अधिकारी किसान सहायक किसान मित्र की नियुक्ति हुई है जो गांव में घूम कर किसानों की दशा के संबंध में जानकारी प्राप्त करके कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के उपरांत उन को प्रशिक्षण देने का कार्य भी होता था परंतु सरकार की उदासीनता विभाग की लापरवाही इस कदर प्रभावित हुई कि आगे चलकर इस भवन के आधे हिस्से में पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय तमकुही राज संचालित होने लगा विभाग कृषि प्रसार अधिकारी को अनंत ट्रांसफर करने के बाद किसान सहायक किसान मित्रों के भरोसे इस भवन को छोड़ दिया आज केन्र्दपर कृषि विभाग का वाहन चालक प्रत्येक दिन इस जर्जर भवन का मुख्य द्वार का शटर खोलकर बैठे रहता है यह भवन एकदम जर्जर हो चुका है इसकी रंगाई पुताई मरम्मत के मद में आने वाले धनराशि का कहीं कोई अता पता नहीं है लगता है कि जिला कृषि अधिकारी के मद में ही क्या धन खर्च हो गया है आज तक इस भवन की मरम्मत नहीं हुई है इसको देखने से ही आप समझ जाएंगे कि इसकी स्थिति क्या है इस भवन के माध्यम से कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को प्रशिक्षण देने के साथ मृदा परीक्षण कराने का कार्य भी करते थे साथ ही फसलों की रखरखाव फसलों के संबंध में लगने वाले कीट पतंगों की जानकारी दी जाती थी दवाइयां दी जाती थी इस भवन से प्रत्येक वर्ष किसानों को पैदावार बढ़ाने के लिए सरकार के तरफ से उपलब्धि बीज फ्री दिए जाते थे अनाज का भंडारण करने के लिए छुट पर ड्रम, डेहरी की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती थी जो आजकल सब बंद पड़ा है किसान की हालत किसान ही जानता है किसी प्रकार की कोई सरकारी सुविधा उसको मुहैया नहीं हो पा रही है भवन जर्जर की स्थिति में है यहां अधिकारियों का अता पता नहीं है यहां पर नियुक्त अधिकारी घर बैठे सरकार से अपना मजे ले रहे हैं यह भवन कभी भी जर्जर स्थिति में है जो गिर सकता है इस भवन के पास पुलिस क्षेत्राधिकारी आवास विद्युत उप केंद्र उप जिलाधिकारी आवास तहसीलदार आवास सहीत तहसील के कर्मचारियों की आवासी कॉलोनी स्थित है न जाने किस कारण से तहसील स्तर के अधिकारी ने भी कृषि विभाग के अधिकारियों को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित कृषि विभाग का ध्यान नहीं आकृष्ट करा पाया आखिर भवन जर्जर व खराब है तमकुहीराज के मेन चौराहे पर इस भवन में शुरुआत के दिनों में तहसील दिवस लगा करता था यहां जिले के जिलाधिकारी तहसील के उपजिलाधिकारी समय–समय पर तहसील दिवस का आयोजन किया करते थे इन सब कार्यों की बीतने के बाद सरकार के द्वारा तहसील कार्यालय पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय का निर्माण कार्य हो गया अधिकारी से भी कुछ लेना देना नहीं है कृषि विभाग के अधिकारी आज घर बैठे अपना वेतन दे रहे हैं जिला कृषि अधिकारी को भी कोई जरूरत नहीं है सरकार में बैठे कृषि मंत्री सहित कृषि विभाग को भी इस भवन से कोई लेना देना नहीं है ऐसी स्थिति में तमकुही राज तहसील के परी क्षेत्र के किसान मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहा है यह भवन कभी भी गिर सकता है इसकी मरम्मत आवश्यक है यह कार्य कौन कराएगा यह विभाग ही जानता है वर्तमान में किसानों के सामने कृषि विभाग की तरफ से कोई उपलब्धता दिखाई नहीं दे रही है।

## 'थाना कसया मे पीस कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न'

अमिट रेखा – ,राज पाठक

कसया – कुशीनगर। जनपद कुशीनगर के थाना कसया में आयोजित की गई पीस कमेटी की बैठक में मुस्लिम धर्म गुरुओं के अलावा हिंदू धर्म से जुड़े हुए लोगों को विशेष दिशा निर्देश देते हुए थाना प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि,सभी लोग अपने अपने घरों मे ही नमाज अदा करें। कोरोना महामारी को देखते हुए अभी कोई दिशा निर्देश नहीं आया है।अतः आप लोग अपने अपने घरों में सरकार व प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए बकरीद की नमाज अदा करें,एवं कुर्बानी करते हुए विशेष ध्यान रखें। उसके अवशेष कहीं दिखाई ना दे, कपड़ा डालकर ही कुर्बानी करें।थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने कावड़ यात्रा के संबंध में आए हुए ग्राम प्रधानों एवं हिंदू धर्म गुरुओं से अपील की है कि, सरकार द्वारा अभी तक कोई दिशा निर्देश नही आया है,आप लोग द्वारा कावड़ यात्रा नही निकाली जाएगी साथ ही व्यपारी बंन्धुओ से वार्ता कर कहा गया की सटर की ताला सही से लगाए,इस मौके पर थाना प्रभारी ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि,कोविड–19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए ही कावड़ यात्रा निकालें।इस मौके सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 'बाइक और ट्रक की भिड़ंत में तीन युवक गंभीर रूप से घायल'

अमिट रेखा – हरेंद्र पाल

गुरवलिया बाजार – कुशीनगर। जनपद के दुदही गुरवलिया मार्ग पर ठाड़ी भार स्थित नहर पुल के पास एक बाइक और ट्रक के आपस में जोरदार टक्कर होने से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे दुदही गुरवलिया मार्ग पर कसया थाना क्षेत्र के सखनिया गांव के तीन युवक बाइक से विशुनपुरा थाना क्षेत्र के गौरिश्रीराम अपने ससुराल आए हुए थे वापस अपने घर के लिए निकले थे कि रास्ते में ठाड़ी भार नहर के पास ट्रक में बाइक जाकर घुस गई और तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीण और ग्राम प्रधान जयप्रकाश यादव ने घायलों को दुदही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया खबर लिखे जाने तक दो युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



## पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा बकरीद के त्यौहार के मद्देनजर की पीस कमेटी की बैठक

अमिट रेखा प्रतापगढ व्यूरो। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के द्वारा आगामी त्योहारों कांवड़ यात्राध्बकरीद को दृष्टिगत रखते हुए पीस कमेटी की गोष्ठी पुलिस लाइन प्रतापगढ़ के सभागार स्थल पर आयोजित की गयी। जिसमें स्थगित की गयी कांवड़ यात्रा के सम्बन्ध में सभी को अवगत कराया गया। इसके साथ कोविड–19 महामारी (तीसरी लहर) की रोकथाम के संदर्भ में शासन द्वारा जारी किये गये दिशा–निर्देशों के बारे में बताया गया तथा सभी धर्मों के लोगों से कोरोना प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए आपसी समन्वय–सहयोग, सौहार्द व शांति के साथ आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने की अपील की गई।

## जेवर व नगदी लेके भागा प्रेमी तो प्रेमिका पहुची थाने

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज, मंडल प्रभारी। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेमी ने प्रेमिका का गहना पायल, बाली, हार व नगदी पैसा लेकर भाग गया है। इस मामले में प्रेमिका की शिकायत पर कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती का कहना है कि गांव के एक युवक से उसकी बातचीत होती थी। इसी बीच उसकी शादी हो गई। उसके बाद भी बातचीत जारी रही। प्रेमी श्याम सुन्दर ने अपने साथ भागने को कहा। इस पर युवती प्रेमी की बातों पर विश्वास कर भागने की पूरी तैयारी कर ली। अपना जेवर बिछिया, बाली, पायल, हार और लगभग 50 हजार रूपये लेकर प्रेमी को दे दिया। इस पर वह कहा कि दो दिन बाद तुमको अपने साथ लेकर जाएंगे। इतना कहने के बाद प्रेमी ने अपने दोस्त अशोक के साथ उसके घर पर भेज दिया। जेवर व नगदी लेकर फरार हो गया। इस मामले में कोतवाल मनीष कुमार सिंह ने बताया कि युवती की शिकायत पर केस लिया गया है।

## पट्टी पुलिस ने दस संवेदनशील गांव की सूची पुलिस मुख्यालय भेजी

अमिट रेखा प्रतापगढ़ ब्यूरो। पट्टी बकरीद के त्यौहार के मद्देनजर एसपी कार्यालय से मांगी गई दस संवेदनशील गांवों की सूची। बताते चले कि आगामी बकरीद के त्यौहार को लेकर प्रशासन खासा सतर्क है जिसके तहत नवागत एसपी ने हर थाने से दस संवेदनशील गांव की सूची मांगी है। जिसके तहत पट्टी थाने से भी यह सूची मांगी गई है। इस संबंध में पट्टी थाने के हेड मुंशी राजेश सिंह ने बताया कि एसपी कार्यालय से यह सूची मांगी गई है। जिनमें पट्टी थाने के पट्टी कस्बा, कंजा सराय गुलामी, बरहूपुर, उड़ैयाडीह, शेखपुर अठगवां, रेडीघ्गारापुर, दाउदपुर, नारंगपुर, ढिढुई, मझौली, ऐसे गांव हैं। जहां पर बकरीद के त्यौहार के दौरान विवाद हो सकता है। जिसकी सूची एसपी कार्यालय को भेज दी गई है। इन दस गांव में बकरीद के त्यौहार के मद्देनजर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगा।

## पति की प्रताड़ना से पत्नी 10 दिन से थाने के लगा रही चक्कर नहीं दर्ज हुई एफ आई आर

अमिटरेखा प्रतापगढ़। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहनगंज चौकी स्थित मादूपुर छोटा गांव का,जहां की एक विवाहिता के साथ उसके पति ने 10 दिन पूर्व मारपीट की थी। जिसमें एम्बुलेंस से इलाज के लिए महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया था, अस्पताल में मरहम पट्टी करके उसे घर भेज दिया गया था ,पुलिस की मजरूबी चिट्ठी ना होने कारण महिला की मेडिकल रिपोर्ट नहीं बन पाए पुलिस की कार्यप्रणाली संदिग्ध। बता दे नगर कोतवाली के गांव मादूपुर निवसनी रमिता गिरि की तहरीर नगर कोतवाली से मोहनगंज चौकी तो पहुंच गई और पुलिस पीड़िता के घर भी गई,इस दौरान पुलिस ने खानापूर्ति कर वापस चली आई, पीड़ित की रिपोर्ट पुलिस दर्ज नही की,महिला के दो बच्चों है, महिला को पति आये दिन प्रताड़ित करते हुए तरह तरह की धमकी दे रहा है जिससे महिला का जीना दुश्वार हो गया है। महिला ने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई।

## अमानीगंज के क्षेत्र पंचायत सदस्यों का किया गया नागरिक अभिनंदन 47 चेत्र पंचायत सदस्य रहे मौजूद'

अमिट रेखा रोहित सिंह

अमानीगंज/अयोध्या 'नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत प्रमुख अमानीगंज श्रीदेवी तथा उनके प्रतिनिधी पपवन सिंह के समर्थक



वरिष्ठ भाजपा नेता शंभू सिंह देवगांव ने आयोजित किया क्षेत्र पंचायत सदस्यों का सम्मान समारोह अमानीगंज विकासखंड के 47 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अंग वस्त्र देकर व माल्यार्पण किया गया नागरिक अभिनंदन इस अवसर पर 50 से अधिक ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में पवन सिंह के समर्थक मौजूद रहे' सम्मान समारोह में बोलते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने कहा कि वह समूचे विकासखंड कासमग्र विकास सुनिश्चित कराने के लिए कार्य करेंगे उन्होंने यह भी कहा कि वह राग द्वेष वह बिना भेदभप्रध व भावना से ऊपर उठकर समूचे क्षेत्र के विकास के लिए वचनबद्ध है भाजपा नेता चंद्रबली सिंह बंशीधर शर्मा प्रधान संघ के अध्यक्ष पवन पांडे शीतला प्रसाद बाजपेई संतोष मिश्रा अजय सिंह बबलू सिंह आनंद तिवारी सियाराम रावत रमेश सिंह अखंड पांडे राकेश प्रताप सिंह कृष्ण लाल यादव सोनू मिश्रा संदीप मिश्रा बब्बन शुक्ला अजीत गुप्ता मगन सिंह रानू सिंह आनंद तिवारी अजीत गुप्ता जय नारायण सिंह अमित सिंह गजेंद्र प्रताप सिंह ,अजीत सिंह विष्णु सिंह समेत 50 से अधिक प्रधान व पवन सिंह के समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किया।

## आकाशीय बिजली से गिरने से एक गाँव में दो ट्रांसफार्मर जले'

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज, मंडल प्रभारी। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के पिपरालाला में शनिवार की सुबह बारिश के समय आकाशीय बिजली गिरने से गांव में लगे तीन ट्रांसफार्मर में से दो ट्रांसफार्मर जल गया। जिससे पिपरा लाला के आधे गांव में बिजली बाधित हो गई। ट्रांसफार्मर के तार के रास्ते गांव में बिजली का करंट प्रभावित होने से दर्जनों पंखे, टीवी तथा अन्य बिजली से संचालित उपकरण जल गये। उसी समय बगल के मोहनापुर गांव में भी आकाशीय विजली गिरी जिसके प्रवाह में आने से अनिरूद्ध कनौजिया के घर लगा टीवी, पंखा, इन्वर्टर आदि जल गया पुरे घर में विजली के तड़तड़ाहट से घर के सभी लोग बाहर भगकर अपनी जान बचाई।

## दो पक्षों की मारपीट में गर्भवती महिला के बच्चे की हुई हृदयविदारक मृत्यु अभियुक्त गिरफ्तार

अमिटरेखा महराजगंज। जनपद महराजगंज के बृजमनगंज ब्लाक मे शनिवार शाम एक हृदयविदारक घटना घटित हुई जहां दो पक्षों की मारपीट में बीच बचाव करने पंहुची गर्भवती महिला को पेट पर लात मारने से छरू माह का पेट से निकल कर जमीन पर गिरकर मर गया एवं महिला की हालत नाजुक बनी हुई हैं अस्पताल में जिन्दगी मौत से लड़ रही है।पीड़ित परिवार ने बृजमनगंज पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध उचित कार्यवाही की मांग की। दिये गये तहरीर के अनुसार रमाशंकर पाल पुत्र अच्छेवर पाल ग्राम शिवपुर पोस्ट अदरौना थाना बृजमनगंज निवासी की दिनांक 17ध्07ध् 2021 को शाम करीब 5रू00 बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के रामा साहनी पुत्र झीनक पुरानी रंजिश को लेकर गाली गुप्ता देने लगा पीड़ित ने गाली देने से मना किया तो लात मुक्का लाठी डंडा लेकर पीड़ित को मारने पीटने लगा पीड़ित को मार खाता देख म उसकी बहन अनीता देवी पत्नी सचिन बीच–बचाव करने के लिए आ गई जो छरू माह के गर्भ से थी पेट में गर्भ खराब करने की नियत से रामासहानी पेट पर जोर से लात मार दिया और गर्भ गिर गया बच्चा पेट से बाहर तडपते हुए आकर मृत्यु हो गया गर्भवती महिला को चोट लगने एवं गर्भ नुकसान होने तबीयत काफी खराब हो गई जब आस पास के लोगों ने हृदयविदारक घटना देखा तो तमाम लोग इकट्ठा हो गए और हमारी जान बचाने की कोशिश की उसके बाद 112 नंबर फोन किए तब फोन नहीं लगा लेहड़ा मंदिर चौकी पर सूचना दिए और 108 नंबर एंबुलेंस को फोन किए एंबुलेंस से महिला को सीएचसी बृजमनगंज लाया गया जहां से डाक्टर ने हालत गंभीर देख महाराजगंज रेफर कर दिया। अस्पताल में अभी भी महिला अपने जीवन मृत्यु से लड़ रही है ।इस संबंध में बृजमनगंज थानाध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा घेराबंदी कर अभियुक्त जो भागने के फिराक मे था गिरफ्तार कर लिया गया है पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर मिली है तहरीर के आध ाार पर धारा 316,धारा323,ध ाारा504,धारा506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## बालेश्वर यादव ने धर्म पर नहीं हिंदू शब्द पर कही थी अपनी बात

अमिटरेखा – कृष्ण यादव तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। कुशीनगर के पूर्व सांसद पूर्वांचल के दिग्गज नेता व कुशीनगर जनपद के जनक बालेश्वर यादव आजकल सोशल मीडिया पर हिंदूवादी नेताओं के निशाने पर हैं ताजा विवाद एक पत्रकार वार्ता में हिंदू शब्द पर उनकी टिप्पणी से मचा हुआ है समाजवादी पार्टी



की 2022 विधानसभा चुनाव की तैयारी के संदर्भ में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में पूर्व सांसद ने कहा था कि हमारे देश का प्राचीन नाम भारतवर्ष है उस समय भारत की जीवन संस्कृति को विदेशी आक्रमणकारियों ने ध्वस्त कर दिया और हमें नीचा दिखाने के लिए हिंदू नाम दे दिया भाजपा और हिंदूवादी संगठनों ने नारा गर्व से कहो मैं हिंदू हूं पर व्यंग कस करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदू फारसी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ होता है काला नीच चोर और लुटेरा अगर कोई भारत पर गर्व करने की वजह इस हिंदू शब्द पर गर्व करने को कहता है तो उसकी समझदारी पर धिक्कार है पूर्व सांसद ने सिर्फ हिंदू शब्द पर अपनी बात कही थी स्थानीय स्तर पर उनके कथन की मनमानी व्याख्या कर मनमाना निष्कर्ष निकाल लिया गयाफेसबुक पर तो उन्हें हिंदू धर्म का विरोधी ही साबित करने की कोशिश की जा रही है इस संदर्भ में पूछे जाने पर पूर्व सांसद श्री बालेश्वर यादव बड़े ही व्यग ढंग से कहते हैं कि इन सांप्रदायिक ताकतों से मेरी लड़ाई चार दशक पहले से है तब फेसबुक पर लिखने वाले तमाम हिंदू वादियों का जन्म भी नहीं हुआ होगा गर्व ही करना है तो भारतवासी होने पर गर्व करें स्वामी विवेकानंद ने विश्व धर्म संसद में यही तो कहा था कि मुझे गर्व है कि मैं उस राष्ट्र से हूं जिसने दुनिया के लगभग सभी धर्मों के शरणार्थियों को शरण दिया है हमारा देश सभी धर्म के लोगों का है सभी धर्म के लोगों समान आदर देना ही हमारी महान परंपरा है गर्व तो इस पर हो ना पूर्व सांसद ने कहीं से भी सोशल मीडिया के मीडिया के माध्यम से ओछी मानसिकता वह गंदी सोच रखने वाले उन तमाम विद्वान साथियों से मैं चाहूंगा कि अगर इतनी ही इच्छा है हिंदू शब्द पर बहस करने का तो खुले मैदान में आवे मैं उनके हर सवालों का जवाब दूंगा सोशल मीडिया पर अनाप–शनाप लिखना पढ़ना या असंस्कारित लोगों की परिभाषा को परिभाषित करता है अगर आप शिक्षित समाज से हैं सभ्य परिवार से हैं तो किसी द्वारा कहे हुए शब्दों का खंडन करने के लिए सामने वाले से आप बहस करिए उसको गलत साबित करिए ना कि उसके बारे में गलत टिप्पणी करिए।

## बीआरसी परिसर से निकाली गयी जलसंरक्षण जागरूकता रैली

अमिट रेखा अमित कुमार बरनवाल

लार देवरिया। बीइओ पिंगल प्रसाद राणा ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना आज लार के बीआरसी परिसर से नगर क्षेत्र के अध्यापको द्वारा जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमे बीइओ पिंगल प्रसाद राणा ने अध्यापकों को जल संरक्षण की सपथ दिलाई गई। अध्यापकों को संबोधित करते हुए पिंगल प्रसाद राणा ने कहा कि आज भारत में 10 राज्य और 256 जिले सूखे की मार झेल रहे हैं। भारत और दुनिया के दूसरे देशों में जल की भारी कमी है जिसकी वजह से आम लोगों को पीने और खाना बनाने के साथ ही रोजमर्रा के कार्यों को पूरा करने के लिए जरूरी पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। जबकि दूसरी ओर पर्याप्त जल के क्षेत्रों में अपने दैनिक जरुरतों से ज्यादा पानी लोग बर्बाद कर रहें हैं ।प्राथमिक शिक्षक संघ के अध यक्ष गोविंद मिश्रा ने कहा जल की संरक्षण के लिए हर मनुष्य को जागरूक रहने और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। कहा कि आज पूरा विश्व घोर जल संकट से गुजर रहा है । अपना देश भी उससे अछूता नहीं है। प्राकृतिक भूमिगत जलस्रोतों के लगातार दोहन और वर्षा जल के संरक्षण के प्रति उदासीनता के कारण पीने के स्वच्छ जल के लिए हाहाकार मचा है । तत्पश्चात लार नगर क्षेत्र में जल संरक्षण जागरूकता रैली निकाली गयी और नगरवाशियो को पानी बचाने का संदेश दिया गया ।रैली लखु मोड़ ,चनकी मोड़, पिपरा चौराहा होते हुए बीआरसी परिसर में समाप्त हुई। इस मौके प्रधानाध यापक वीरभद्र पाठक ,राजेंद्र वर्मा ,निकुंज तिवारी ,गणेश पांडेय ,कन्हैया कुमार पांडेय अफरोज फातिमा आसमा ,मुसर्रत ,सफिया अनवर अजय वर्मा ,संतोष श्रीवास्तव, अफरोज लारी ,कमलेश ,रूबी परवीन, दीपिका पांडे इत्यादि शिक्षक मौजूद रहे।

## सामूहिक विवाह में वैदिक मंत्रोचार के बीच एक दूसरे के हुए सत्रह जोड़े

अमिट रेखा –नन्हे तिवारी

बघौचघाट देवरिया। देवरिया जिला के विकासखंड पथरदेवा में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ जिसमें सतरह जोड़ों ने फेरे लिए जिसमें से पंद्रह जोड़ो का रजिस्ट्रेशन पहले से हो चुका था उसके बाद



आए दो जोड़ो की भी शादी कराई गई ।सामूहिक विवाह में विकासखंड देसई देवरिया से छ जोड़े विकासखंड तरकुलवा से तीन जोडे और विकासखांड पथरदेवा से आठ जोड़े सम्मिलित हुए ।शादी वाले हर जोड़े को गद्दा रजाई,साड़ी ,बर्तन सेट,स्वास्थ्य कीट, चुनरी पायल,बिछुआ,मोबाइल सहित एक बड़ा ट्रंक दिया गया ।सामूहिक विवाह के मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही रहे। यह शादी ब्लॉक परिसर में होना था बारिश के चलते हैं शादी को गैलेक्सी मैरिज हाल पथरदेवा में संपन्न कराया गया। आयोजन में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी पथरदेवा आलोक कुमार सिंह,एडीओ पंचायत राजेश राय,ग्राम विकास अधिकारी पंकज तिवारी,भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह,जिला पंचायत सदस्य सुजीत प्रताप सिंह,जिला पंचायत सदस्य अमित सिंह,ग्राम प्रधान पकहा मुरारी मोहन शाही,दयाशंकर शास्त्री,ब्रह्मा यादव,जुगल किशोर तिवारी,रामायण साहनी,भीम यादव अनिल प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

## दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार'

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर सचिन्द्र पटेल के निर्देशन में,अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना तुर्कपट्टी पुलिस की टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर




मु0अ0स0–164/2021 धारा 498 ए, 304 बी व 3/4 डी0पी0 एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त 1. विनोद रावत पुत्र स्व0 सहजावल प्रसाद साकिन बरवा राजा पाकड़ टोला मुसहर बस्ती थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर व एक नफर वांछित अभियुक्ता को बरवा राजापाकड़ जमुआन टोला मुसहर बस्ती से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है मु0अ0स0–164/2021 धारा 498 ए, 304 बी व 3/4 डी0पी0 एक्ट विनोद रावत पुत्र स्व0 सहजावल प्रसाद साकिन बरवा राजा पाकड़ टोला मुसहर बस्ती एक नफर अभियुक्ता ।उ0नि0श्री धर्मेन्द्र कुमार गौतम थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर हे0का0 विश्वनाथ ठकुराई थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर का0 अशोक यादव थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर म0का0 अंजली सिंह थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर म0का0 साधना गिरि थाना तुर्कपट्टी जनपद।

## सिओ फरेंन्दा सुनील दत्त दूवे की मेहनत लाइ रंग बच्चा हुआ बरामद

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज, मंडल प्रभारी। तीन बच्चो के अपहरण की सूचना पर मचा हड़कंप , पुलिस ने घेरा बन्दी कर तीनों बच्चों को किया बरामद,महाराजगंज जिले के कोल्हुई थानाक्षेत्र के



चन्दपुर के एक व्यक्ति द्वारा डायल 112 पर सूचना दिया कि मेरे तीन बच्चो को कुछ लोगों द्वारा अपहरण किया गया है। जैसे ही यह सूचना पुलिस को मिली पुलिस हरकत में आ गई और पुलिस क्षेत्राधिकारी के आदेशानुसार कोल्हुई पुलिस, बृजमनगंज पुलिस, पुरन्दरपुर पुलिस और फरेन्दा पुलिस द्वारा जगह–जगह घेरा बन्दी कर संघन चेकिंग किया गया जिसमे फरेन्दा पुलिस द्वारा भैया फरेन्दा मे तीनों बच्चो को बरामद कर लिया गया । और फरेन्दा सर्किल की पुलिस राहत की सांस ली जब पुलिस ने उस व्यक्ति से पूछताछ किया तो वह व्यक्ति विक्रम पासवान बच्चो का मामा निकला और उसने बताया की मेरी बहन को मेरा बहनोई मारता पिटता था । जिससे मेरी बहन मेरे पास चली आई और जब मैं बच्चों के चन्दपुर से मोटरसाइकिल से अपने घर ला रहा था तो मेरे बहनोई ने अपहरण करने की सूचना पुलिस को दे दी वही इस सम्बन्ध पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दूबे ने बताया कि अपहरण की सूचना मिली थी जिसको लेकर सभी थानों पर सूचना दे दिया गया था तीनों बच्चों को पुलिस ने बरामद कर सकुशल उनके मां को सुपुर्द कर दिया है । तहरीर प्राप्त हुई तो फर्जी सूचना देने वाले व्यक्ति पर कार्यवाही की जाएगी ।

## 'पैरामेडिकल छात्रा इण्टरनेट पर माँग रही पैसा'

### 'इन्स्टीट्यूट को बदनाम करने की है साजिश या प्रबंध कमेटी करा रही ऐसी पेशा'




अमिट रेखा हरदोई। मामला निर्मला इन्स्टीट्यूट नर्सिंग एवं पैरामेडिकल साइंसेज हरदोई की छात्रा द्वारा इण्टरनेट के माध्यम से धन उगाही करने का है ।दरअसल मामला प्रकाश में तब आया जब पिहानी के एक पत्रकार का भाई जोकि विदेश में काफी समय से इलैक्ट्रीशियन पद पर कार्यरत है आजकल घर पर आया हुआ है ।इस दौरान कोतवाली क्षेत्र पिहानी के अंतर्गत ग्राम महमूदपुर सरैंया,बन्दी पुरवा व कई अन्य गाँवो के शरारती व आवारा मिजाजी समुदाय विशेष के लोग इन्टरनेट के जरिए व्हाट्सेप पर नम्बर सर्च करके काल या मैसेज करके कोविड– 19 महामारी मेंहुए देशव्यापी लॉकडाउन से परिवार सहित स्वयं को परेशान हाल लिखकर रुपयों की माँग कर रहे हैं और ध र्म–करम की कसमें देकर भारी–भरकम धन उगाही की फरियाद करते हैं ।पत्रकार के भाई ने बताया कि विदेश में ड्यूटी के दौरान ये लोग रात–दिन काल और मैसेज करके वहाँ लोगों को इतना परेशान करते हैं कि उस मुल्क में लोग इस हैबत में पड़े हैं कि लॉकडाउन के दौरान भारत के समुदाय विशेष के लोगों की हालत वास्तव में क्या भिखारियों से ज्यादा बदतर हो गई है?मात्र रुपए 149ध के रिचार्ज से एक माह तलक सैकडों लोगों के पास हजारों मैसेज और काल करने वालों में से एक–दो व्यक्तियों ने हकीकत मानकर उनके खातों में रुपये डाल दिए तो बस उनकी लॉटरी लग गई ।इस तरह यह गोरख धंधा फलीभूत होकर इन्सान और इन्सानियत के परवान चढ़ गया ।आज भी रात–दिन वहाँ के ये शरारती लोग महिलाओं–बच्चों व विकालांग जनों तथा बालिग–नाबालिग बच्चों के आधार का दुरुपयोग करते हुए उन्हेंइण्टरनेट के माध्यम से लोगों को भेजकर गुमराह करके रुपए ठगने का चक्रब्यूह चला रहे हैं ।ताजा मामला अभी जून से जुलाई माह के बीच का ही है ।इस मामले में मासूमा जैदी पत्नी हसन जैदी निवासी औरंगाबाद थाना मैंगलगंज जनपद लखीमपुर खीरी की एक महिला ने अपने पति का आधार कार्ड नं□रररररर की फोटो भेजकर पत्रकार के भाई के व्हाट्सेप नम्बर पर अपने मोबाइल नंबर 918601943826 से मैसेज और कॉल करके अपने पति के मैंगलगंज स्टेट बैंक की शाखा के एकाउंट नम्बर 36487618391पर 56ध्हजार रुपए डालने को लिखा तथा अपने परिचय–पत्र की एक फोटो भी भेजी ।परिचय पत्र ष्निर्मला इन्स्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइंस हरदोईष्की छात्रा का है ।इसके अलावा उसके पति हसन जैदी के मोबाइल नम्बर 916387877164 और बहनोई सैयद महवर अब्बास के मोबाइल नम्बर 9956429456 से भी काल करके रुपए माँगे गए हैं।जबकि उक्त महिला ने व्हाट्सेप मैसेज में लिखा है कि इन्स्टीट्यूट में 03 वर्षीय कोर्स कर रही हूँ 02 वर्ष में सारा जेवर और नगदाद सब कुछ इन्स्टीट्यूट फीस में खर्च के कारण बिक गया है अब तीसरी साल के लिए 56ध्हजार रुपए की फीस लॉकडाउन की वजह से नहीं भर पा रही हूँ।तभी आपसे रुपए माँग रही हूं।उसने मैसेज में यह भी लिखा है।

## साइकिल सवार युवती को कार ने मारी जोरदार टक्कर

अमिट रेखा प्रतापगढ ब्यूरो। नगर कोतवाली के प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग धारूपुर के पास सुबह दूध लेकर जा रही महिला की साइकिल में कार सवार ने मारी जोरदार टक्कर घायल महिला को ग्रामीणों ने पहुंचाया हॉस्पिटल टक्कर मारकर भाग रहे कार सवार को ग्रामीणों ने दबोचा। नगर कोतवाली के राजगढ़ गांव निवासी काजल गुप्ता 22 पुत्र स्वर्गीय बसंत लाल गुप्ता रविवार की सुबह साइकिल से दूध लेकर डेरी पर जा रही थी ध ारूपुर के पास प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग पर पहुंची थी पीछे से आ रही कार ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मारी जिससे वह घायल हो कर गिर पड़ी उसको गंभीर चोटे आई।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमिट प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. - 9532989009

उप सम्पादक - के.के. राय
सह. सम्पादक- चन्द्रशेखर यादव
प्रदेश प्रभारी- राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो0- 9792617070
विज्ञापन व्यवस्थापक- नसरूल्लाह अंसारी
प्रबंधक- निखिल कुशवाहा
ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।